
हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 293 | देहरादून, सोमवार, 20 मई 2024 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 16



उत्तरकाशी जिले का कुटेटी देवी मंदिर यहां दर्शन मात्र से होती है संतान प्राप्ति 3

# मुख्यमंत्री धामी ने लिया जनता से फीडबैक अधिकारियों को दिए निर्देश

## मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली से चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के संबंध की समीक्षा

■ श्रद्धालुओं का सहभागी बनकर यात्रा संपन्न करवानी है : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 20 मई : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के संबंध की समीक्षा करते हुए चार धाम ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आने वाले साल में भी चार धाम यात्रा और अधिक बढ़ने वाली है। चारधाम यात्रा, कावड़ यात्रा, पूर्णागिरी यात्रा सहित प्रदेश के अंदर संपन्न होने वाली विभिन्न यात्राओं के कुशल प्रबंधन और संचालन हेतु आवश्यकता अनुसार यात्रा प्राधिकरण की ओर भी विचार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में प्रवेश कर रहे प्रत्येक श्रद्धालु को चार धाम के दर्शन करवाना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमने श्रद्धालुओ का सहभागी बनकर यात्रा संपन्न करवानी है। उन्होंने यात्रा को लेकर अधिकारियों को हमेशा अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने होल्डिंग पॉइंट्स पर सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शौचालयो की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। अत्यधिक भीड़ बढ़ने पर गाड़ियों की निकासी हेतु वैकल्पिक मार्गो पर विचार किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर नियमित रूप से सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी छुट्टियों एवं वीकेंड के दृष्टिगत भी सभी तैयारियां पूर्ण करें। उन्होंने हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली एवं उत्तरकाशी के जिलाधिकारी एवं प्रशासन से आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी अधिकारी ग्राउंड में जाकर श्रद्धालुओं से फीडबैक भी लें ताकि समय रहते छोटी कमियों को भी दूर किया जाए ।







**राज्य में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को चार धाम के दर्शन करवाना हमारी जिम्मेदारी : सीएम**

मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना ने बताया कि बीते शुक्रवार को बद्रीनाथ धाम में करीब 13000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। उनके द्वारा हेमकुंड साहिब यात्रा का भी पैदल मार्गो से निरीक्षण किया गया है। जहां सभी व्यवस्थाओं को यात्रा से पहलेपूर्ण कर लिया जायेगा। जिला अधिकारी उत्तरकाशी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि बीते शुक्रवार को 15800 यात्रियों ने यमुनोत्री धाम के दर्शन किए, साथ ही गेट सिस्टम के माध्यम से निरंतर यमुनोत्री और गंगोत्री को श्रद्धालु भेजे जा रहे हैं। विभिन्न होल्डिंग पॉइंट्स पर प्रशासन द्वारा सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।



बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु , सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, जिलाधिकारी हरिद्वार धीराज गर्ब्याल, जिला आधिकारी टिहरी मयूर दीक्षित, जिला आधिकारी रूद्रप्रयाग सौरव गहरवार, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# उत्तराखंड : गर्मी ने तोड़ा सात साल का रिकॉर्ड, हीट वेव का अलर्ट जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 20 मई : मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार मैदानी क्षेत्रों में तेज गर्म हवाएं चलेंगी जिससे तापमान में और अधिक इजाफा होगा। पर्वतीय इलाकों में गरज चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावना है ।राज्य के मैदानी क्षेत्रों में बढ़ने हुए तापमान ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। उत्तराखंड में फिलहाल राहत की कोई भी उम्मीद नज़र नहीं आ रही है।

राजधानी देहरादून में छह साल बाद सीजन का सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। गर्मी बढ़ने के साथ-साथ हीट वेव का खतरा भी लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग ने प्रदेश के मैदानी इलाकों में गर्म हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। दून में तापमान शनिवार को 41 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है, जो दस साल में सबसे ज्यादा होगा।मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 20 मई को राज्य के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, नैनीताल, पिथौरागढ़, चंपावत, बागेश्वर अल्मोड़ा, पौड़ी, टिहरी गढ़वाल सहित पर्वतीय क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी हो सकती है और इन जिलों में कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी संभावना है। वहीं देहरादून, उधम सिंह नगर, हरिद्वार, नैनीताल और पौड़ी जिले के मैदानी इलाकों में हीटवेव चलने की संभावना है। इन जनपदों में हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है।







# मद्महेश्वर मंदिर के कपाट आज खुलेंगे

रुद्रप्रयाग। द्वितीय केदार भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली का गौडार पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। पहले से ही मौजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने फूल और अक्षतों की वर्षा कर डोली का स्वागत किया गया। सोमवार को डोली गौंडार से मद्महेश्वर पहुंचेगी जहां सुबह 11.15 बजे मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। रविवार सुबह भगवान की डोली भक्तों के जयकारों के साथ राकेश्वरी मंदिर रांसी से गौंडार को प्रस्थान हुई। रांसी के साथ ही रास्ते में कई जगहों पर ग्रामीणों ने डोली पर पुष्प वर्षा की और सुख शांति का आशीर्वाद लिया। देर शाम डोली दूसरे पड़ाव गौंडार पहुंची। जहां डोली की पूजा अर्चना की गई। यहां ग्रामीणों द्वारा दर्शन कर आशीर्वाद लिया गया। आज सोमवार को डोली मद्महेश्वर मंदिर पहुंचेगी। जहां पूर्वाह्न 11.15 बजे शुभ लग्न में द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

# पुलिस महानिदेशक ने जांची केदारनाथ धाम में अनेक व्यवस्थाएं

रुद्रप्रयाग। पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अभिनव कुमार ने रविवार को केदारनाथ धाम पहुंचकर यहां सुरक्षा के साथ अनेक यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अफसरों को व्यवस्थाएं और बेहतर करने के लिए जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। रविवार को डीजीपी अभिनव कुमार हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने धाम में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस महानिदेशक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व्यवहार करने के निर्देश दिए। केदारनाथ धाम मन्दिर परिसर में 50 मीटर की दूरी पर वीडियोग्राफी और सोशल मीडिया में रील बनाने वालों पर सख्ती करने के निर्देश दिए गए ताकि मन्दिर दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। कहा कि पुलिस के लिए तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। ऐसे में इस बात का ध्यान अवश्य रहे कि किसी भी प्वाइंट पर अनावश्यक भीड़ न लगे। उन्होंने भीड़ प्रबन्धन और प्रभावी लाइन व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी निर्देश दिए। डीजीपी ने धाम में नियुक्त पुलिस बल के साथ संवाद स्थापित किया। उनकी ब्रीफिंग करते हुए बेहतर व्यवस्थाओं के लिए जरूरी निर्दोश दिए। सभी को पूरी निष्ठा से कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिए।

# अपनी ही पत्नी से घर का किराया वसूलता है करोड़पति शख्स

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 20 मई : हर इंसान का सपना होता है कि वो पढ़-लिखकर बड़ा आदमी बने और अपनी जिंदगी को जितना हो सके उतना अच्छे से जिएं और उसकी अच्छे से शादी हो जाए ताकि वो और उसकी पत्नी जीवन के हर सुख का अनुभव उठा सके. कई किस्से आपने पढ़े और सुने होंगे जहां रईस पति से उनकी पत्नियां काफी ज्यादा डिमांड करते हैं और वो उन्हें पूरा करते हैं, लेकिन इन दिनों एक ऐसी महिला चर्चा में है. जिसका पति तो करोड़पति लेकिन महिला को उससे किसी तरह का कोई सुख नहीं मिल रहा है। महिला अपने पति के बारे में सोशल मीडिया पर लिखा कि उसका पति उसकी किसी भी ख्वाहिश को पूरा नहीं करता बल्कि उससे उल्टा घर में रहने के लिए





किराया लेता है. इसके अलावा वो उसकी छोटी-छोटी चीज़ों का भी बिल नहीं भरता. इस बात की जानकारी महिला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने साथ हो रहे अजीब व्यवहार के बारे में बताया है. अपने पोस्ट में उसने लिखा कि उसका पति करोड़पति है, लेकिन उसके पास इतने पैसे होने का कोई फायदा नहीं है।

एक मीडिया अकाउंट पर महिला ने लिखा कि आज भले ही मेरा पति करोड़पति हो लेकिन बाकयदा मेरे छोटे-छोटे खर्चे मुझे खुद ही उठाने पड़ते हैं और इसके लिए मुझे आम लोगों की तरह नौकरी करनी पड़ रही है. महिला ने आगे बताया कि उसकी शादी को 6 साल हो चुके हैं और पति घर पर रहकर अपना रिटायरमेंट एंजॉय कर रहा है क्योंकि उसे रिटायरमेंट के बाद ढेर सारा पैसा मिला है. वो अपने सारे शौक पत्नी को छोड़कर पूरे करता है। अपने पोस्ट में महिला ने आगे बताया कि महामारी के दौरान जब मैं घर से ही काम कर रही थी तो मुझे मेरे पति की रईसी के बारे में पता चला. वो सुबह देर से उठता है और गोल्फ खेलने चला जाता है. वापस आकर बढ़िया खाना बनाता है और पूरा दिन टीवी देखता है. इसके शाम को वो अपने दोस्तों के साथ एंजॉय करता है. महिला की कहानी इंटरनेट पर आते ही वायरल हो गई और ज्यादातर लोगों ने यही कहा कि ये पति नहीं बल्कि तुम्हारा मकान मालिक है।

# क्यों पूरे भरे ईंधन के साथ लैंडिंग नहीं करते हैं विमान, निकाल देते हैं फ्यूल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 20 मई : क्या आपको को यह बात पता थी कि हवाई जहाज जब लैंडिंग करते हैं तो उस समय उनका फ्यूल टैंक पूरा भरा हुआ नहीं होना चाहिए? और इस बात का खास तौर पर ध्यान भी रखा जाता है. यहां तक कि अगर ऐसी स्थिति आ भी जाए तो कई बार विमानों को अपना काफी फ्यूल डम्प भी करना पड़ता है. आखिर ऐसा क्यों है? क्या वाकई यह बहुत खतरनाक है? क्या ऐसा ना करने पर कोई बहुत बड़ी समस्या हो सकती है? आइए, इन्हीं सब सवालों का जवाब जानने की कोशिश करते हैं।

यह सच है कि फुल टैंक से लैंडिंग नहीं की जाती है और इसे जहां तक हो सके. इस बारे में तमाम विशेषज्ञ भी कहते हैं कम टैंक फ्यूल की लैंडिंग ज्यादा बेहतर और सुरक्षित कही जा सकती है. दरअसल लैंडिंग से हवाई जहाज की संरचना और खास तौर से लैंडिंग गियर दोनों पर बहुत ही ज्यादा तनाव पड़ता है. इससे विमान के ढांचे, पंख और ईंधन टैंक की अखंडता खतरे में पड़ सकती है और आग लगने का खतरा हो सकता है। वहीं, आपके पास जितना अधिक ईंधन होगा, हवाई जहाज उतना ही भारी होगा, पंखों पर भार उतना ही अधिक होगा और रुकने की गति भी उतनी अधिक होगी – और रनवे की आवश्यकता भी उतनी ही ज्यादा होगी. भरा हुआ ईंधन टैंक पर उतरते समय आप रनवे से दूसरे छोर तक भागने का जोखिम उठाते हैं।



एम्ब्री-रिडिल एरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर एंथोनी ब्रिकहाउस का कहना है कि फ्यूल डम्पिंग केवल लैंडिग से पहले विमान का वजन कम करने की प्रक्रिया भर है. इसे औपचारिक भाषा में फ्यूल जैटिसन कहते हैं. इसमें सबसे ज्यादा ध्यान गौर करने वाली बात यह है कि विमान को कम वजन के साथ लैंडिंग करने के लिए ही डिजाइन किया जाता है. क्योंकि भारी विमान जमीन से टकरा कर खराब हो सकते हैं नष्ट हो सकते हैं।

# ‘हमारी शादी में आएं, पर माननी होगी ये 15 शर्तें’

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 20 मई : शादी-ब्याह में वैसे तो मेहमानों का खूब आदर-सत्कार किया जाता है, लेकिन अपनी वेडिंग को यादगार बनाने के चक्कर में एक कपल ऐसी हरकत कर बैठा कि अब सोशल मीडिया के जरिए पूरी दुनिया में उसके खूब चर्चे हो रहे हैं. आपने देखा होगा कि मेहमानों की कोई बात बुरी लगने के बाद भी घरवाले उसे नजरअंदाज करते हैं. लेकिन ब्रिटेन के इस कपल ने मेहमानों के सामने ऐसी-ऐसी शर्तें रख दीं कि ज्यादातर लोगों ने शादी में आने का प्लान कैंसिल कर दिया है.

दरअसल, कपल ने अपनी शादी का जो कार्ड छपवाया है, उसे पढ़कर मेहमानों के होश उड़ गए हैं. वेडिंग कार्ड में लिखी बातों के अनुसार, अगर मेहमान कपल की ये कुछ शर्तें मानने को तैयार हैं, तो वे शादी में शामिल हो सकते हैं.

अब यह अजीबोगरीब कार्ड सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कपल का नाम तो उजागर नहीं किया गया है, पर रेडिट पर उनकी वेडिंग कार्ड की चर्चा जोरों पर है. मीडिया काउंट से एक यूजर ने वेडिंग कार्ड की तस्वीर शेयर कर लिखा है, अगर किसी ने मुझे इस तरह से इनवाइट किया, तो मैं बिल्कुल नहीं जाऊंगा. दरअसल, कार्ड में मेहमानों के



लिए एक नहीं, दो नहीं बल्कि 15 शर्तें लिखी गई हैं, जिसे पढ़कर लोग भड़के हुए हैं और कह रहे हैं कि ये न्योता है या धमकी.कपल ने मेहमानों को स्पष्ट शब्दों में चेताया है कि यह उनका स्पेशल डे है, आपका नहीं. इसके बाद कई नियम कायदे बताए हैं, जिसके तहत थीम ड्रेस से इतर कुछ भी पहनने की गलती न करें. वहीं,

फोटोग्राफर के रास्ते में न आएं. इसके अलावा जिसे जहां बैठने को कहा गया है वहीं बैठें. कपल ने यह भी कहा है कि अगर किसी को म्यूजिक पसंद नहीं आ रहा तो वो उठकर अपने घर का रास्ता देख सकता है. इसके अलावा और भी कई शर्तें हैं, जिसे पढ़कर मेहमानों का दिमाग चकराया हुआ है.



Wedding Rules

1. This is [illegible] and [illegible] big day, not yours.
2. Do not get in the photographer's way.
3. The attire is BLACK and/or GOLD not red, blue, green and definitely NO WHITE!
4. Do not rearrange seats, we have a seating chart for a reason.
5. If you didn't put out any money for the wedding, keep your should've, could've, would've to yourself. Your opinion is irrelavent.
6. Pace yourself when drinking.
7. No big annoucements or proposals.
8. If you can't handle or dislike the music being played, simply go home. This is a celebration, not a funeral.
9. This is a "Taking over for the 99' & 2000's" type of event, so there will be twerking.
10. Use #[illegible] when posting pics.
11. Do not sit down all night.
12. No outside liquor. If caught, you will be escorted out.
13. Refer back to rule #1.
14. The bride and groom said what they said!
15. Turn ALLLL the way up!

# जानें गर्मियों में सेहतमंद रहने के लिए क्या खाएं और क्या खाने से बचें



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 20 मई : गर्मी के मौसम में गर्म हवाओं और तेज धूप की वजह से तरह-तरह की बीमारियों का खतरा बना रहता है. गर्मी में शरीर में पानी की कमी होने या लू लग जाने, दस्त और उल्टी की समस्या आम तौर पर देखी जाती है. ऐसे में गर्मी के दिनों में हमें अपनी डाइट पर खास ध्यान रखने की जरूरत है. इस मौसम में आपको बासी खाने और फ्रिज में रखें फूड के सेवन से परहेज करना चाहिए, इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा होता है. शरीर को हाइड्रेट और ठंडा रखने के लिए कुछ ऐसे फूड हैं जिनसे हमें बिल्कुल परहेज करना चाहिए, वहीं कुछ फूड्स को अपने आहार में जरूर शामिल करना चाहिए, ताकि गर्म हवाएं और तपिश हमारी सेहत को नुकसान न पहुंचा सकें।

गर्मियों में क्या खाएं

नारियल पानी-

न्यूट्रिएंट्स और इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर नारियल पानी गर्मी के दिनों के लिए वरदान साबित होता है. नारियल पानी में मिलने वाले इलेक्ट्रोलाइट्स बॉडी को डिहाइड्रेशन से बचाते हैं. पेट को ठंडा रखने के साथ ही ये एसिडिटी और ब्लोटिंग जैसी समस्याओं से भी बचा सकते हैं।

तरबूज

तरबूज का सेवन गर्मियों में बेहद फायदेमंद होता है, इसमें 92 प्रतिशत तक सिर्फ पानी की मात्रा होती है. गर्मी के दिनों में यह शरीर को ठंडा रखने के साथ ही हाइड्रेटेड रखने में सहायक होता है. इसमें विटामिन ए और सी पाए जाते हैं, साथ ही ये एंटीऑक्सिडेंट से भी भरपूर होता है. ऐसे में शरीर को ठंडा करने के साथ ही ये रोगों से लड़ने की क्षमता का भी विकास कर सकता है।

स्प्राउट्स-

गर्मी के मौसम में आप चना, मूंग, मूंगफली आदि के स्प्राउट्स को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं. इनमें मिलने वाला भरपूर आयरन और फाइबर आपकी हेल्थ के लिए बेहद लाभकारी हैं. ये शरीर को जरूरी ऊर्जा भी दे सकते हैं।

खीरा-ककड़ी का सलाद-

गर्मियों के दिनों में खीरा और ककड़ी का सलाद खूब खाएं. इसमें भरपूर पानी मिलता है, इससे शरीर को ठंडक मिलती है और पेट से जुड़ी समस्याएं खत्म होती हैं. सलाद हल्का होता है जो आसानी से पच भी जाता है.


आम का पना-

आम में विटामिन ए, सी और ई पाया जाता है जो कि सेहत के लिए काफी लाभकारी है. कच्चे आम को उबालकर उसमें काला नमक, पुदीना, भुना हुआ जीरा मिला कर उसका पना तैयार करें और इसका सेवन करें. गर्मियों में ये बहुत ही फायदेमंद है, इससे शरीर में पानी की कमी से बचा जा सकता है।

गर्मियों में क्या न खाएंतले, मसालेदार खाना खाने से बचें, इससे पाचन संबंधी समस्या हो सकती है.फैट का सेवन कम करेंकैफीन से परहेज करें, चाय-कॉफी का कम से कम सेवन करें.गर्मी के मौसम में बासी खाना बिल्कुल भी न खाएं, इससे फूड प्वाइजनिंग खतरा हो सकता है.जंक फूड, प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड खाने से परहेज जरूरी है.रेड मीट के सेवन से बचें, क्योंकि गर्मियों में प्रोटीन को पचाने में काफी समय लग जाता है.गर्मियों में आइसक्रीम ज्यादा न खाएं, इससे सर्दी जुकाम का खतरा तो होता ही है, ये शरीर को गर्म कर सकती है.

# उत्तरकाशी जिले का कुटेटी देवी मंदिर यहां दर्शन मात्र से होती है संतान प्राप्ति





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तरकाशी 20 मई : कुटेटी देवी मंदिर उत्तरकाशी में स्थित एक प्राचीन मंदिर है, जो कि उत्तरकाशी से लगभग 2 किलोमीटर दूर गंगा नदी के दूसरे तट में हरी पर्वत पर स्थित है। इस मंदिर की बड़ी ही दिलचस्प कहानी है। कहा जाता है कि एक बार कोटा ( राजस्थान ) के महाराजा गंगोत्री की तीर्थ यात्रा पर आये , यात्रा के दौरान उनका पैसे से भरा बैग खो गया , और अपनी यात्रा की जरूरत की खर्चों को पूरा नहीं कर सके ,तब वो उत्तरकाशी लौट आए और विश्वनाथ ₹ मंदिर ₹ में प्रार्थना की तथा वादा किया कि अगर उनका पैसों से भरा बैग मिल जायेगा तो वह अपनी इकलौती बेटी की शादी उसी गांव के किसी उपयुक्त लड़के से कर देंगे , और बाबा विश्वनाथ की कृपा से राजा के पूरे पैसों सहित बैग मंदिर के एक पुजारी के द्वारा पाया गया।

इससे राजा बहुत खुश हुआ और राजा ने अपनी बेटी के लिए एक उपयुक्त वर खोजने के लिए पुजारी से कहा तथा जल्द ही राजकुमारी ने पुजारी द्वारा चुने लड़के से शादी कर ली। शादी के बाद राजकुमारी दुखी रहने लगी कि उनके कुल देवी कुटेटी देवी से दूर होना पड़ेगा, जिनकी वह हमेशा से पूजा किया करती थी , इसलिए राजकुमारी और उनके पति दोनों ने मिलकर कुटेटी देवी से उनकी सहायता करने की प्रार्थना की। इसके बाद देवी उनके सपनों में प्रकट हुई और उनसे कहा कि वह उन्हें अपने खेत में एक पत्थर के रूप में पा सकते हैं। अपने सपनों के बाद , अगली सुबह जब राजकुमारी और उनका पति देवी के बताये हुए स्थान पे गए तो उन्हें खेत में आनन्दमयी सुगंध वाले तीन पत्थर पाये, और उसी स्थान पर कुटेटी देवी मंदिर बनाया गया है। जहां पर वो तीन पत्थर पाये गए थे , इस प्रकार कुटेटी देवी मंदिर की स्थापना की गयी।

# उत्तराखंडः चाय पर घर बुलाकर पिलाई शराब, फिर बाप-बेटे ने बेरहमी से कर दी हत्या



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 20 मई : कालसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिता-पुत्र पर हत्या का आरोप लगा है कि बीती 13 मई को दोनों ने एक बुजुर्ग को अपने घर पर चाय पिलाने के बहाने बुलाया और फिर बेरहमी से उनकी हत्या कर दी। मृतक के पुत्र की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।राजधानी देहरादून के कालसी विकासखंड में एक ऐसा मामला सामने आया है। जिसके बाद से लोगों को चाय में मिलने वाले निमंत्रण से सावधान रहने की ज़रूरत है।

दरअसल हुआ कुछ ऐसा कि खजान सिंह पुत्र स्व. आषाडू ने तहरीर देकर वैभव गुप्ता ( थानाध्यक्ष कालसी ) को बताया कि बीती 13 मई को हरिया पुत्र थेचकू ग्राम रुपऊ ने उनके पिता आषाडू को चाय पिलाने के बहाने अपने घर बुलाया था। जिसके बाद उनके पिता वहां चाय पीने के लिए गए, फिर दोनों ने उनको चाय और शराब पिलाई।

इसके बाद दोनों पिता और पुत्र ने मिलकर आषाडू की बेरहमी से घर पर ही मौत के घाट उतार दिया। जिस दिन घटना हुई उस दिन खजान सिंह काम की तलाश में नगेथा हिमाचल गया हुआ था। कहा कि इसकी सूचना उन्हें उनकी पत्नी ने फोन पर दी थी। जिसके बाद पिता की मौत की खबर सुनकर वह वापस आ गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के बाद दोनों पिता-पुत्र पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। फिलहाल घटना के दिन से दोनों फरार है और दोनों की तलाश की जा रही है।

# उत्तराखंड : साइबर ठगी का शिकार हुए देहरादून के लेफ्टिनेंट कर्नल, गंवाए नौ लाख रुपये





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 20 मई : ले. कर्नल रिजेश आर उन्नीथन वर्तमान में मिलिट्री अस्पताल में बतौर एनेस्थिसियोलॉजिस्ट तैनात हैं। उन्होंने स्टॉक में निवेश के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप ज्वाइन किया। ग्रुप में दी गई जानकारी पर उन्होंने भरोसा कर पोर्टल में 9 लाख रुपए जमा कर गँवा दिए।सोशल मीडिया के इस दौर में लोग आगे तो बढ़ रहे हैं, लेकिन इन सबके बीच एक ऐसा सिंडिकेट भी खूब सक्रिय है जो सीधे लोगों को अपने चपेट में ले रहा है, इनका शिकार कोई भी आसानी से बन जाता है। ये लोग लोगों को प्रॉफिट का प्रलोभन देकर अपने जाल में फंसाते हैं, हर बार ये लोग लूटने का कोई नया तरीका ढूंढ ही लेते हैं।

इस बार इन्होने देहरादून में तैनात सेना के ले. कर्नल को ट्रेडिंग ग्रुप में जुड़कर उनसे नौ लाख रुपए की ठगी कर ली है। पीड़ित अफसर की तहरीर पर गढ़ी कैंट थाना पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गिरीश चंद शर्मा (इंस्पेक्टर कैंट) ने बताया कि ले. कर्नल रिजेश आर उन्नीथन मिलिट्री अस्पताल में बतौर एनेस्थिसियॉलॉजिस्ट तैनात हैं। कुछ समय पूर्व उन्हें व्हाट्सएप पर एक स्टॉक सलाहकार ग्रुप में जोड़ा गया। कर्नल ने काफी वक्त ग्रुप में अपडेट देखी जिसके बाद उन्होंने निवेश करने का मन बना लिया। उन्होंने ग्रुप में बताए गए पोर्टल में जाकर नौ लाख रुपए का निवेश कर दिया। अब उन्हें पोर्टल पर लाभ दिखाया गया लेकिन जब उन्होंने पैसे निकलने की कोशिश की तो वो इसमें असमर्थ रहे जिसके बाद उन्हें पता लगा कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। तब जाकर उन्होंने साइबर क्राइम पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज कराई और बताया कि बीते एक से सात मई के बीच उन्होंने नौ लाख रुपए जमा किए थे। अब जिन खातों में रकम जमा हुई, पुलिस उनकी जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व बीआरसी लखपत रावत ने विभिन्न विद्यालयों में बांटी 1 लाख 75 हजार की प्रतियोगी पुस्तकें

चमोली। पूर्व ब्लॉक संसाधन सेंटर गैरसैंण के प्रभारी लखपत सिंह रावत ने बीते दिन कई सरकारी विद्यालयों में अपने पिता त्रिलोक सिंह रावत की याद में प्रतियोगी पुस्तकों का वितरण किया है। उनका कहना है कि इससे प्रतियोगी परीक्षा और सामान्य ज्ञान बढ़ाने में छात्र-छात्राओं को लाभ होगा। लखपत सिंह रावत बीती मार्च माह में प्रधानाध्यापक राउप्रावि सलियाणा से सेवानिवृत हुए हैं। वे एक शिकारी भी है और अभी तक 55 आदमखोर गुलदारों को ठिकाने लगा चुके हैं।

### बीकेटीसी उपाध्यक्ष ने लिया यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा

चमोली। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने रविवार को बदरीनाथ धाम में यात्रा दर्शन व्यवस्था तथा मंदिर समिति कार्यालय और विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रियों से बातचीत कर यात्रा व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। उपाध्यक्ष ने मंदिर समिति के अधिकारियों-कर्मचारियों को यात्रा व्यवस्था और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने कहा कि बीकेटीसी सभी तीर्थयात्रियों को भगवान बदरीविशाल के सरल-सुगम दर्शन करवा रही है।

### बदरीनाथ हाइवे पर वाहन पलटा, 3 यात्री घायल

चमोली। बदरीनाथ हाइवे पर शनिवार देर रात एक टैम्पो ट्रेवलर चमोली और पीपलकोटी के बीच अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। इस दुर्घटना में तीन यात्रियों को मामूली चोटे आई है। वाहन में 18 यात्री सवार थे। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। वाहन में सवार 14 अन्य सभी यात्री सुरक्षित हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार केदारनाथ से दर्शन कर बदरीनाथ जा रहा एक टेंपों ट्रेवलर शनिवार रात 9.30 चमोली कस्बा पार करने के बाद लगभग 200 मीटर आगे पीपलकोटी की ओर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। सूचना मिलते ही चमोली थाने से पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचा और सड़क पर पलटे वाहन से यात्रियों को सुरक्षित निकला। वाहन में 18 यात्री सवार थे। वाहन पलटने से पिनाक, अमरीश, बिशा और पुष्पा निवासी अहमदाबाद को मामूली चोटे आई है। बाकी सभी यात्री सुरक्षित हैं । घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु 108 एम्बुलेंस के जरिए जिला चिकित्सालय गोपेश्वर भेजा गया। वाहन चालक ने बताया कि ब्रेक पेडल फेल होने के करण ब्रेक नहीं लगने पर उसने वाहन को पहाड़ी से टकरा दिया था। जिससे वाहन सड़क पर पलट गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को क्रेन और जेसीबी की मदद से हटाया गया।

### राज्य सभा सांसद को ज्ञापन सौंपा

चमोली। पोखरी ब्लॉक के गंगानाली क्षेत्र में जलेश्वर (बमोथ) बसुकेदार पेयजल पंपिंग योजना के निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने राज्य सभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को एक ज्ञापन सौंपा। खाल के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता नवल खाली, क्षेत्र के रघुनाथ सिंह, पंचम सिंह, दिगम्बर सिंह ने बताया इस पंपिंग पेयजल योजना से न सिर्फ बमोथ न्याय पंचायत के दर्जनों गांव जुड़ सकेंगे बल्कि पोखरी नगर क्षेत्र तक इसके माध्यम से पेयजल की आपूर्ति हो सकती है।

### नारायणबगड़ के कौब गांव में गुलदार का आतंक

चमोली। नारायणबगड़ विकासखंड के पश्चिमी पिंडर रेंज के अंतर्गत कौब गांव में बीते एक महीने से गुलदार के आतंक से ग्रामीण परेशान है। गुलदार के द्वारा अभी तक कई मवेशियों को निवाला बनाया जा चुका है। नारायणबगड़ विकासखंड में पश्चिमी पिंडर रेंज के अंतर्गत कौब गांव में विगत एक माह से गुलदार के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। गुलजार के द्वारा अभी तक दो खच्चरों समेत कई मवेशियों को निवाला बनाया जा चुका है। रविवार को भी गुलदार ने गौशाला के अंदर घुसकर एक गाय को निवाला लिया। ग्राम प्रधान लक्ष्मण कुमार ने बताया कि दिन के समय भी गांव के समीप गुलजार दिखने से ग्रामीणों में भय का माहौल बना है। गुलदार के द्वारा अभी तक शंभू लाल और संजय लाल के खच्चर और दिवानू लाल की गाय समेत कई काश्तकारों के मवेशियों को निवाला बनाया जा चुका है। जिसकी सूचना वन विभाग को दी जा चुकी है। उन्होंने शीघ्र ही वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।

### श्रीकोट में छात्रों ने चलाया सफाई अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मेडिकल कॉलेज के राष्ट्रीय मेडिकोस संगठन (एनएमओ) इकाई और गढ़वाल विवि के छात्रों ने रविवार को श्रीकोट में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान राष्ट्रीय मेडिकोस संगठन और गढ़वाल विवि के छात्रों और मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने 1000 से ज़्यादा प्लास्टिक बोटल जमा की। मेडिकल कॉलेज के प्रचार्य डॉ.सीएमएस रावत के नेतृत्व में, स्वच्छता अभियान प्रारंभ हुआ। डॉ सुरेंद्र सिंह नेगी ने बताया की चारधाम यात्रा के दौरान यात्री कई बार कूड़ा और कांच की बोतलें रोड पर ही गिरा देते हैं, इससे पर्यावरण को तो हानि होती है,और पशु पक्षी भी कई बार प्लास्टिक निगल लेते हैं। मौके पर यश जिंदल, दिया श्रीवास्तव, विशाल, परीक्षित राजपूत, दीपांशु, निष्ठा पल्लव मौजूद रहे।

### गंगा दर्शन और बिलकेदार में चलाया स्वच्छता अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर के छात्रसंघ उपाध्यक्ष रूपेश नेगी की पहल पर रविवार को बिलकेदार में स्वच्छता अभियान चलाया गया। आभियान में विवि सहित स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर छात्रों ने बिलकेदार सहित आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया। वहीं दूसरी ओर भागीरथी कला संगम के सदस्यों और कलाकारों ने गंगा दर्शन स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर एवं पार्क में सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर स्लोगन के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बर्थवाल ने कहा कि संस्था विगत कई वर्षों से शहर के अंदर सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्य करती रहती है। संस्था के निदेशक मदन गाडोई ने कहा कि रविवार या अन्य अवकाश दिवस पर संस्था सफाई अभियान चलाती रहेगी। मौके पर भगत सिंह बिष्ट, रवि पूरी, मुकेश नौटियाल, संजय कोठारी, धर्मेंद्र, दिनेश लिंगवाल, हरिंदर तोमर, मदन गाडोई सहित आदि लोग मौजूद थे।

### पूर्व पालिकाध्यक्ष नेगी के निधन पर शोक

नई टिहरी। पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष सोबन सिंह नेगी (71) के आकस्मिक निधन पर नरेंद्रनगर में शोक की लहर छा गई। सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने स्व. नेगी के निधन पर गहरा शोक जताया है। अधिवक्ता स्व. नेगी दो बार वर्ष 1987 से 92 और 1992 से 97 तक नगर पालिका के अध्यक्ष रहे। बीते काफी समय से वे अस्थमा रोग से पीड़ित थे। अपने पैतृक आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली।

# धूप से लौटते ही करते हैं ये गलतियां तो हो जाएं सतर्क

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 20 मई : बीते कुछ समय से गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। चिलचिलाती धूप और तेज गर्मी की वजह से सभी का हाल बेहाल हो रहा है। भारत के कई राज्यों में बीते दिनों हीटवेव ने लोगों को झुलसा दिया है। गर्मी के मौसम में लू और तेज धूप से अपना बचाव करना बेहद जरूरी है। लू की चपेट में आने से अक्सर काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा हमारी कुछ आदतें भी गर्मियों में हमें बीमार करने का बड़ा कारण होती हैं। ऐसे में अपनी कुछ आदतों में बदलाव कर आप इस मौसम में स्वस्थ रह सकते हैं। हम आपको बताएंगे कुछ ऐसी आदतों के बारे में, जिन्हें करने से आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। अगर आपमें भी इनमें से कोई आदत हैं, तो जल्द से जल्द इसमें सुधार कर लें, वरना यह आपकी सेहत पर भारी पड़ सकती हैं।



धूप की वजह से लोग पसीने से तरबतर हो जाते हैं। ऐसे में घर आते ही पसीने से छुटकारा पाने के लिए कुछ लोग तुरंत नहाने चले जाते हैं, लेकिन आपकी यह आदत आपको बीमार बना सकती हैं। दरअसल, बाहर से आने के वजह से शरीर का टेंपरेचर बढ़ा रहता है, ऐसे में ठंडे पानी की वजह से बॉडी टेंपरेचर बिगड़ जाता है, जिससे सर्दी-जुकाम हो सकता है। चिलचिलाती धूप से वापस घर लौटने के बाद कई लोग एसी में बैठ जाते हैं। एसी की ठंडी हवा से आपको धूप और गर्मी से राहत मिल जाती है, लेकिन इसकी वजह से सेहत को काफी नुकसान भी होता है। ऐसे में जब भी आप धूप से लौटें, तो कुछ देर शरीर को तापमान को सामान्य होने दें और फिर कूलर-एसी में बैठें। कामकाज की वजह से अक्सर लोगों को धूप में बाहर निकलना पड़ता है। ऐसे में बेहद जरूरी है कि गर्मी और लू से खुद को बचाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। आप इन तरीकों को अपनाकर खुद को तेज गर्मी, धूप और लू से बचा सकते हैं

गर्मी में शरीर को डिहाइड्रेट होने से बचाएं। इसके लिए आप शिकंजी, ओआरएस, नारियल पानी आदि पी सकते हैं।गर्मियों में कई सारे ऐसे फल मिलते हैं, जिनके सेवन से शरीर में पानी की कमी पूरी होती है। इसलिए कोशिश करें कि इस मौसम में खरबूजा, तरबूज, अंगूर आदि का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें।गर्मियों में सेहतमंद रहने के लिए कोशिश करें कि आप बाहर का तला-भुना और खुले में बनाया हुआ खाना ना खाएं।गर्मियों में अपनी डाइट में प्याज और खीरा को सलाद के तौर पर जरूर शामिल करें।

# MDDA : सिटी पार्क के विकास कार्य 30 जून तक हर हाल में हों पूरे : उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी

■ एमडीडीए उपाध्यक्ष ने नागल सिटी पार्क, मालदेवता में पर्यटन स्थल के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,20, मईवरिष्ठ आईएएस अधिकारी एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने नागल सिटी पार्क का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को हर हाल में 30 जून तक सिटी पार्क के कामों को पूरा करने के निर्देश दिए जाए। तिवारी ने मालदेवता में पर्यटन स्थल विकास के कार्यों का जायजा लेकर जरूरी अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश जारी किए।10-10 दिनों की कार्य योजना तैयार की जाएप्राधिकरण उपाध्यक्ष सिटी पार्क में निरीक्षण करने के लिए पहुँचे थे जहां पर उन्होंने यहां के कार्यों का जायजा लेने के बाद निर्देश दिए कि 10-10 दिन की कार्ययोजना तैयार कर सभी अधिकारी कार्यों को 30 जून तक पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि हमें चाहिये कि इसी पर्यटन सीजन से पर्यटक पार्क का आनंद ले सकें। इसके बाद एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने मालदेवता में बनाए जा रहे पर्यटक स्थल पर पहुँच कर चल रहे कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता एचसी राणा, उद्यान अधिकारी शाहिद अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मोजूद थे।





# उत्तराखंड के बैडमिंटन खिलाड़ियों का जलवा ऑल इंडिया टूर्नामेंट में जीते चार पदक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 20 मई : राज्य के तेजस्वी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 गोल्ड मेडल, एक रजत पदक और एक कांस्य पदक अपने नाम किया है। ये टूर्नामेंट गोवा में 10 मई से 17 मई तक आयोजित हुआ था।प्रदेश के चार खिलाड़ियों ने गोवा में आयोजित योनेक्स सनराइज इंडिया सब जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट में प्रतिभाग किया था, इस टूर्नामेंट में उत्तराखंड ने कुल चार पदक जीते हैं। जिसमें अंडर-17 आयु वर्ग में पिथौरागढ़ की एंजल पुनेठा और देहरादून की आन्या बिष्ट की जोड़ी को गर्ल्स डबल्स में स्वर्ण पदक जीता और पिथौरागढ़ के निष्चल चंद और देहरादून के सूर्यांश रावत की जोड़ी ने भी ब्वाइज डबल्स में स्वर्ण पदक जीता। वहीं सूर्यांश रावत को सिंगल्स में रजत और निष्चल चंद को सिंगल्स में कांस्य पदक मिला है।




उत्तरांचल स्टेट बैडमिंटन संघ के सचिव बीएस मनकोटी और उत्तराखंड बैडमिंटन के चीफ कोच डीके सेन, कोच लोकेश नेगी, बलजीत सिंह, दीपांक वर्मा, भूपेश बिष्ट आदि ने सभी को बधाई दी है। उत्तराखंड बैडमिंटन परिवार के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्रों का किया गया वितरण

नई टिहरी। नागणी में खाद्य प्रसंस्करण कार्यक्रम के समापन पर रविवार को प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कहा कि कौशल विकास से ही स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं नागणी में आयोजित कार्यक्रम में बीज बचाओ आंदोलन के प्रणेता व इंदिरा गांधी पर्यावरण पुरस्कार प्राप्त विजय जडधारी, वरिष्ठ पत्रकार रघुभाई जडधारी, संस्था के अध्यक्ष देवेंद्र थापा और सचिव दिवाकर पैन्यूली ने 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र बांटे। कहा कि वर्तमान दौर में छोटे-छोटे स्किल से भी स्वयं का रोजगार तैयार कर सकते हैं। कहा कि पारंपरिक खानपान और पारंपरिक खेती से ही हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। आज लोग बाजार पर ही निर्भर हो गए हैं। जो शुभ संकेत नहीं है। महिलाओं को बताया कि पहाड़ी उत्पादों को ठीक से तैयार करें। उसकी गुणवत्ता और प्रस्तुतिकरण में कमी नहीं होनी चाहिए। इससे उन्हें बाजार हमेशा उपलब्ध मिलेगा। संस्था सचिव दिवाकर पैन्यूली, उपाध्यक्ष अनीता पैन्यूली ने कहा कि उनके केंद्र पर प्रशिक्षणार्थियों ने आंवला, गुरियाल, पिलखू, तिमला और लहसुन आदि का अचार, सेब का जैम और चटनी, माल्टा, बुरांश और पुदीना का जूस बनाना सिखाया गया। इस अवसर पर नरेश बहुगुणा, बीना देवी, प्रगति सकलानी, सुषमा, सीमा मैठाणी, बबली, सुनीता, उषा देवी, कविता, सीमा सकलानी, प्रियंका नौटियाल, सुनैना सेमवाल, निर्मला नेगी, बबीता, सविता देवी, रीना नेगी उपस्थित थे।

### देवप्रयाग में शांता पुल से नीचे गिरी अनियंत्रित कार

नई टिहरी। रविवार को केदारनाथ दर्शन से ऋषिकेश की ओर लौट रहे चंडीगढ़ निवासी परिवार का वाहन बस अड्डे के समीप अनियंत्रित होकर शांता पुल से नीचे जा गिरा। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार सवार सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि रविवार सुबह करीब छह बजे श्रीनगर की ओर से आ रही एक कार बेकाबू होकर शांता पुल से नीचे जा गिरी। दुर्घटनाग्रस्त कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन उसमें सवार किसी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई। कार सवार अमित कुशवाहा पुत्र राज कुमार, उनकी पत्नी माधुरी व राज कनौजिया पुत्र संजय भाई निवासी नूर सिटी, पो. खरड मोहाली, चंडीगढ़ को पुलिस टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। क्षतिग्रस्त नई कार को क्रेन की मदद से बाहर निकाला जायेगा। इन दिनों यहां एनएच की ओर से पुल निर्माण के लिए कटिंग किये जाने से सड़क काफी संकरी हो गयी है। जिस कारण बामुश्किल वाहनों के आवाजाही हो पा रही है।

### वर्चुअल कार्यशाला में जलवायु परिवर्तन पर की गई चर्चा

नई टिहरी। पीजी कालेज नई टिहरी की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाइन (वर्चुअल) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उत्तराखंड में विभिन्न जलवायु आपदाओं को प्रभावित करने वाली वस्तुओं पर चर्चा की गई। कार्यशाला को बतौर मुख्य वक्ता उत्तरकाशी के जिला युवा अधिकारी अविनाश कुमार सिंह और एसआरटी परिसर टिहरी के छात्र आयुष वर्मा ने संबोधित किया। अविनाश कुमार सिंह और आयुष वर्मा ने बताया की कैसे पर्यावरण संरक्षण को गांव में स्वरोजगार के साथ जोड़ा जाए। इसके लिए समाज को इस विषय पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कहा कि जलवायु परिवर्तन को समझने के साथ ही इसे रोकने के उपायों पर गौर किया जाना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले पर्यावरण संरक्षण पर फोकस किया जाना जरूरी है। कार्यशाला आयोजन के अध्यक्ष डा. एलआर डंगवाल ने बताया की अगर हमें जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगाना है, तो पारंपरिक जड़ों से जुड़ना होगा। कार्यक्रम के संयोजक डा. पीसी पैन्यूली ने बताया की हमें पारंपरिक स्रोतों के साथ सतत किकास की और बढ़ना होगा। उन्होंने पलायन को अनियंत्रित वनाग्नि का एक कारण बताते हुए कहा कि वनों को आम जनों से जोड़ने के लिए पौराणिक पहल होनी चाहिए। कार्यशाला में डा पिया राय चौधरी, तरसीम लाल, मीनाक्षी रावत सहित जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, मणिपुर और नागालैंड राज्यों से जुड़े छात्रों संवाद किया।

### शिशु भारती के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

नई टिहरी। सरस्वती शिशु मंदिर प्रदर्शनी मैदान बौराड़ी में रविवार को शिशु भारती के विभिन्न पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।रविवार को जिला शासकीय अधिवक्ता और आरएसएस के जिला कार्यवाह जगतमणि पैन्यूली ने पदाधिकारियों में अध्यक्ष उपासना, उपाध्यक्ष पीयूष, मंत्री अर्नव भंडारी, उपमंत्री शिवांश धनाई और सेनापति कार्तिक व उप सेनापति मयंक को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पैन्यूली ने कहा कि शिशु भारती और विद्या भारती के स्कूलों में संस्कारवान शिक्षा प्रदान की जा रही है। कहा कि छात्र-छात्राओं में प्राथमिक स्तर से कार्य व अनुशासन की शुरुआत इन्हीं पदों के माध्यम से होती है।

# विश्व जाट संवाद यात्रा पहुंची देहरादून, जाट एकता के लिए कार्य किया जाएगा : पलसानिया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून ,20 ,मई देहरादून - अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार पलसानिया द्वारा जाट संवाद यात्रा सम्पूर्ण भारतवर्ष में निकाली जा रही हैं। इस यात्रा के देहरादून ( उत्तराखंड ) पहुँचने पर अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष टोनी वर्मा ने पूरी टीम के साथ जाट संवाद यात्रा का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया।

आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामावतार ने बताया कि जाट संवाद यात्रा सम्पूर्ण भारतवर्ष में निकाली जा रही है.उन्होंने कहा कि जाट समाज वर्तमान में सामाजिक व राजनीतिक रूप से बेहद कमजोर हो चुका है, जाट समाज के सामाजिक भाईचारे की बुनियाद को कमजोर किया जा रहा है इन सब हालातों पर चर्चा करसमाज के जागरूक व सक्रिय लोगों को जाट संवाद यात्रा से जोड़ा जाएगा। इस दौरानजाट समाज के गौरवशाली इतिहास,सभ्यता और संस्कृति से युवाओं को रोजगार सृजन व शिक्षा, व्यापार के प्रति जागरूक किया जाएगा साथ ही सामाजिक नेटवर्क तैयार किया जाएगा।पलसानिया ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों के खात्मे पर चर्चा, समाज के जागरूक, प्रबुद्ध, बुद्धिजीवी, लोगों से इस यात्रा के दौरान संवाद कर समाज के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा उन्होंने कहा कि पूरे देश-दुनिया के जाट समाज को सामाजिक रूप से मजबूत करने के लिए विश्व जाट एकता के लिए कार्य किया जाएगा।

इस मौके पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष टोनी वर्मा ने कहा कि पूरे उत्तराखंड प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संगठन को मजबूत करने व गाँव देहात तक संगठन का संगठनात्मक संरचना तैयार कर जाट समाज को जोड़ा जाएगा।टोनी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद कला, शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, रोजगार सृजन व गौरवशाली जाट इतिहास को जन-जन तक पहुँचाने के लिए कार्य कर रही है

प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मनु चौधरी दांतल, अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रतिनिधि अंकित बालियान, अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नवीन नैन भालसी, अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद हरियाणा के प्रदेश प्रतिनिधि भवानी सिंह किरमारा, अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद हरियाणा के प्रदेश प्रतिनिधि सुरेश जैलदार, शक्ति मलिक मेरठ, रोहित मलिक सहित अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के पदाधिकारी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।




# बाइक रैली : दून की सड़कों पर पर्यावरण बचाने का संदेश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून - 20 मई ट्रैफिक नियमों का पालन और पर्यावरण बचाने का संदेश केवल सरकार के जिम्मे ही नहीं है बल्कि अच्छे शहरी होने के नाते सभी नागरिकों का फर्ज है इस बात को समझते हुए देहरादून की सड़कों पर जब ये बाइकर्स निकले तो सभी की चेतना पर्यावरण और ट्रैफिक नियमों के प्रति जा उठी।

पर्यावरण के सिपाही जब निकले स्पोर्ट्स बाईक पर होकर सवार

देहरादून की सुपरबाइक की एक कंपनी और तमतारा कैफे की ओर से पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह बाइक रैली कावासाकी माजरा से शुरू होकर रेलवे स्टेशन, घंटाघर, राजपुर रोड, ओल्ड मसूरी रोड होते हुए राजपुर रोड के तमतारा कैफे तक आयोजित की गई। इस बाइक रैली में कावासाकी के 650 सीसी से लेकर 1100 सीसी तक के सभी मॉडलो को राइडर्स ने शामिल किया एवं पर्यावरण बचाओ और सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया। इस बाइक रैली में देहरादून के विभिन्न स्थानों से 25 बाइक राइडर्स शामिल हुए।

बाइकर्स ने दिया वृक्षारोपण का संदेश

तमतारा कैफे राजपुर रोड के मालिक सुनीता वात्सल्य और वरुण नरूला ने इस रैली को आयोजित करते हुए खशी जाहिर की और उन्होंने कहा कि हमारा कैफे हमेशा से सामाजिक कार्यों को बढ़ावा दे रहा है और हम पर्यावरण बचाओ, सड़क सुरक्षा जागरूकता,



वृक्षारोपण, क्लीन दून- ग्रीन दून जैसे सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान को लोगों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। हम देख सकते हैं कि देहरादून में विकास के कार्यों को लेकर राजपुर रोड, सहस्त्रधारा रोड, ओल्ड मसूरी रोड सभी जगह पर सड़क के किनारे छोटे बड़े पेड़ पौधे को काटा गया है एवं सड़क चौरीकरन का कार्य किया गया है। इन सभी वजहों से देहरादून भी धीरे-धीरे गर्म हो रहा है और पॉल्यूशन भी शहर में अधिक हो रहा है। इन सबसे बचने के लिए,हमें पर्यावरण को बचाने में अहम योगदान देना होगा और अधिक से अधिक संख्या में पेड़ पौधे को इन क्षेत्रों में लगाना होगा। तमतारा कैफे कई संगठनों के साथ मिलकर देहरादून के माल देवता रोड पर काफी वृक्ष लगाया है एवं इस वर्ष हम बारिश के सीजन में भी देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण का कार्य करेंगे।

जब राइडर्स बोले

वहीं बाइक रैली का नेतृत्व करते हुए विनय दरगन जो एक एकाउंटिंग प्रोफेशनल एवं राइडर है ने कहा कि ₹हमारे इस बाइक रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों में पर्यावरण बचाव,नशे में वाहन चलाने से बचाना, वाहन चलाने वक्त यातायात नियमों का पालन करना का संदेश देने के साथ-साथ हम उत्तराखंड के सभी टूरिस्ट डेस्टिनेशन को सुरक्षित एवं साफ सुथरा रखने के लिए जन जागरूकता अभियान के लिए कार्य करते हैं। ₹इस बाइक रैली में पीयूष, विनय, परितोष, नीति राज, सुशांत, शशांक, वर्धन, धनंजय, अभिनव, दशमेश, सुमित, सुधांशु, अभिषेक, रचित डोभाल, ध्रुव, निर्भय, अंकित, शांतनु, आशुतोष सिंह, प्रियांशु झा, प्रशांत, तनुज, ऋषभ, अभिनव गोयल शामिल हुए ।

# नैनीताल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मादा हिरण की मौत

रुद्रपुर। नैनीताल हाईवे पर रविवार देपहर साढ़े बारह बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से मादा हिरण की मौत हो गई है। इस घटना में बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बाद में वन विभाग की टीम ने हिरण के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन विभाग टक्कर मारने वाले चालक पर मुकदमा दर्ज करने कार्रवाई कर रही है। रविवार देपहर साढ़े बारह बजे एक मादा हिरण टांडा जंगल से नैनीताल हाईवे जिला न्यायालय के पास आ गया। सड़क पार करने के दौरान अचानक हिरण की एक वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में हिरण सड़क किनारे गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह देख चालक कार सहित फरार हो गया। हिरण को सड़क किनारे देख लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। इधर, सूचना पर सिडकुल चौकी पुलिस और तराई वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। इसके बाद वन विभाग की टीम ने हिरण के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं तराई केन्द्र टांडा रेंज के दरोगा आशुतोष आर्य ने बताया कि मादा हिरण की उम्र ढाई वर्ष की थी। तराई वन विभाग के दरोगा आशुतोष आर्य ने बताया कि वाहन की टक्कर से हिरण का ऑर्गन सिस्टम फैल होने की वजह से मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

## मुनस्यारी में रोहित, धीरज ने लगाई सबसे तेज दौड़

पिथौरागढ़। नगर में हिमल कलासूत्र सरमोली ने दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। रविवार को आयोजित दौड़ प्रतियोगिता पांच और 10किमी दो वर्ग में हुई। पांच किमी दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ मल्लिका विर्दी ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 146 युवाओं ने हिस्सा लिया। रोहित जोशाल ने सबको पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है। दूसरे स्थान पर नीरज व कृष तीसरे स्थान पर रहा। दस किमी दौड़ का शुभारंभ डॉ. दुर्गा प्रसाद ने किया। धीरज कुमार ने पहला स्थान हासिल किया। प्रेम राम दूसरे व चंदन सिंह राणा तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में बसंती रावत, त्रिलोक राणा, कमला पांडे, बीना नितवाल, पुष्पा सुमत्याल, बीना वर्मा, दीपक पछाई, मुकेश कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

# संक्षिप्त खबरें

## विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए गौरीकुंड में लगाया 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ पैदल मार्ग में शुक्रवार रात को गौरीकुंड से ऊपर पैदल मार्ग में लाइट गुल होने की समस्या के बाद ऊर्जा निगम ने गौरीकुंड में 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया है। ताकि विद्युत भार को बैलेंस किया जा सके। बताते चलें कि केदारनाथ पैदल मार्ग में गौरीकुंड से ऊपर पैदल मार्ग में बिजली गुल होने से यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता अभिनव रावत ने दावा किया है कि लोड अधिक होने से केवल आधे घंटे तक ही पैदल मार्ग में विद्युत आपूर्ति बाधित रही थी। विभाग द्वारा आधे घंटे में ही फॉल्ट को ठीक करते हुए विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी गई थी।

## स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया

रुड़की। प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चालीस लोगों ने रक्तदान किया। जबकि सौ लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। मकतूलपुरी में आयोजित परामर्श चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर से लोगों को काफी लाभ मिलता है। लोगों को इस तरह के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। कार्यक्रम आयोजक युवा भाजपा नेता कुणाल सचदेवा ने बताया शिविर में निशुल्क शुगर की जांच, खून की जांच, ईसीजी की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में चालीस लोगों ने रक्तदान किया है और सौ लोगों की स्वास्थ्य जांच कराई गई। उन्हें निशुल्क दवाइयां भी दी। वेलनगिरी हिल्स अस्पताल के संचालक डॉ. अर्पित सैनी, डॉ. नेहा सैनी ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और लोगों को स्वस्थ शरीर कैसे रखे इसके सुझाव भी दिए। शिविर में भाजपा नेता संजय अरोड़ा, हरीश कुमार सचदेवा, सचिन सचदेवा, रोहित जैन, सुशील रावत, कुशाग्र गर्ग, पंकज नंदा, नितिन गोयल, अनुराग त्यागी और आयुष वर्मा आदि मौजूद रहे।

## फ्लाईओवर बनाने की मांग की

रुड़की। कस्बे में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लोगों ने फ्लाईओवर बनाने की मांग की है। ताकि जाम से मुक्ति मिल सके। फ्लाईओवर बनने से शनिवार और रविवार के यातायात दबाव से भी लोगों ने राहत मिलने की उम्मीद जताई है। चारधाम यात्रा में बॉर्डर और कस्बे में यातायात का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में कस्बे में आए दिन जाम की समस्या लोगों को झेलनी पड़ रही है। स्थानीय निवासी समीर अहमद, मोहम्मद मुस्तफा, दिनेश सिंघल, अशोक पंवार, बाबूराम, विकास धीमान, शमशाद अहमद, नसीम हैदर और अब्दुल रज्जाक आदि का कहना है कि मंगलौर में फ्लाईओवर का निर्माण होना चाहिए।

## मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

रुड़की। मारपीट के मामले में रविवार को पुलिस ने तीन हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उपनिरीक्षक शहजाद अली को मामले की जांच सौंपी गई है। अलावलपुर थाना भगवानपुर निवासी रिटायर अध्यापक जियालाल ने तहरीर देकर बताया कि 30 अप्रैल को खेत पर गया था। जहां पर उन्हें खेत की मेढ़ टूटी मिली थी। विरोध करने पर संत कुमार पक्ष ने मारपीट कर घायल कर दिया था।

## लक्सर में जन्मदिन में जा रहे दो दोस्तों को पीटा

रुड़की। वार्ड नंबर 11 केशव नगर मोहल्ला निवासी आकाश ने रविवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह दो दिन पहले केहड़ा गांव स्थित अपने साथी के यहां पर जन्मदिन में जा रहा था। उसके साथ दोस्त गौतम भी था। आरोप है की जब वह रास्ते में पहुंचे तो गांव के कुछ युवक रास्ते में खड़े होकर नशा कर रहे थे। उन्होंने उन्हें रास्ते से हटकर खड़ा होने के लिए कहा। आरोप है कि उन लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। मौके पर अपने पक्ष के चार लोगों को मिला लिया और दोनों को लाठी डंडों से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। इससे आकाश और गौतम के सिर में गंभीर चोटे आई हैं। शोर शराबा सुनकर काफी लोग मौके पर आ गए। उन्हें देखकर आरोपी मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। लोगों ने युवकों के परिजनों को जानकारी दी और लक्सर अस्पताल पहुंचाया था। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि घटना की बाबत तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। उसके बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# DGP द्वारा सुरक्षित चारधाम यात्रा के दृष्टिगत श्रीनगर में अधिकारियों के साथ की गई गोष्ठी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 20 मई : पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार द्वारा महिला थाना श्रीनगर में चारधाम यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी की गयी जिसमें निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।चारधाम यात्रा के दृष्टिगत पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग व चमोली के जनपद प्रभारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने जनपदों से धामों हेतु प्रस्थान/आगमन करने वाले श्रद्धालुओं/यात्रियों व वाहनों की संख्या के सम्बन्ध में सम्बन्धित वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक को दूरभाष/व्हाट्सएप आदि के माध्यम से समय से अवगत करायें व उसी के अनुरुप यातायात प्लान लागू करें।

आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत कस्बा श्रीनगर चारधाम यात्रा का केन्द्र बिन्दु है यहाँ पर श्री केदारनाथ एवं श्री बद्रीनाथ यातायात का दबाव अधिक होने के कारण वाहनों को श्रीनगर में रोका जा रहा। अतः यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु सभी कार्मिकों को तत्परता व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी करने व यात्रियों के साथ मधुर एवं विनम्र व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया। अगर किसी कार्मिक द्वारा अभद्रता की जाती है तो उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। चारधाम यात्रा/पर्यटन सीजन के दृष्टिगत जनपद प्रभारी यात्रा रूटों पर आवश्यकतानुसार पुलिस एंव यातायात पुलिस के कार्मिकों को नियुक्त करते हुए यातायात व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालन कराना सुनिश्चित करें ।

चारधाम यात्रा में आने वाले यात्रियों/श्रद्धालुओं के वाहनों को जहां पार्किंग में रोका जा रहा वहां पर पानी, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ भी समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति तथा श्रद्धालुओं की अत्याधिक संख्या में वृद्धि होने की सम्भावनाओं के दृष्टिगत अपने-



अपने जिला मजिस्ट्रेटों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए श्रद्धालुओं के ठहरने आदि के सम्बन्ध में स्थानों को चिन्हित कराते हुए वैकल्पिक व्यवस्थायें समय से पूर्ण करा ली जाये।

यात्रामार्ग में वाहनों को रोकने या डायवर्ट करने पर पी.ए सिस्टम, लाउड हेलरों एवं सोशल साइट्स जैसे माध्यमों का प्रयोग कर यात्रियों को अवगत कराते रहें।स्थानीय नागरिकों व तीर्थयात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानियाँ ना हो इसका पूर्ण ध्यान रखा जाय।देवभूमि के बारे में सोशल मीडिया या अन्य प्लेटफार्म पर दुष्प्रचार करने वालों के विरुद्ध भी कार्यवाही करनी हेतु निर्देशित किया गया ।उक्त गोष्ठी में अपर जिला मजिस्ट्रेट ईला गिरी, उप जिलाधिकारी नूपुर वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक संचार अनूप काला, पुलिस उपाधीक्षक सदर पौड़ी अनुज कुमार, पुलिस उपाधीक्षक श्रीनगर रविंद्र कुमार चमोली, मुख्य अग्नि समन अधिकारी राजेंद्र खाती, निरीक्षक अभिसूचना सूर्यप्रकाश शाह, प्रभारी निरीक्षक होशियार सिंह पंखोली आदि अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## सिग्नल से छेड़छाड़ कर ट्रेन रोकने पर मुकदमा दर्ज

रुड़की। लक्सर के पास रेलवे के सिग्नल से छेड़छाड़ करके 40 मिनट के भीतर दो एक्सप्रेस ट्रेन रुकवाने के मामले में तीन दिन बाद रविवार को आरपीएफ ने खुद मेमो जारी कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरपीएफ के साथ ही जीआरपी भी मामले की संयुक्त जांच में जुट गई है। 17 मई की सुबह चार बजे के आसपास कुछ बदमाशों ने लक्सर रेलवे स्टेशन के पश्चिम केबिन के पास सिग्नल की हरी बत्ती को गीली मिट्टी लगाकर पहले चंडीगढ़ गोरखपुर एक्सप्रेस और इसके आधे घंटे बाद चंडीगढ़ पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन को रोककर लूटपाट की कोशिश की थी।

## गन्ने की खोई में आग लगी

रुड़की। मंडी समिति के पास गन्ना कोल्हू के प्लाट में रविवार को गन्ना खोई के ढेर में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। आग लगने से आसपास रखी तीनों गन्ना खोई के ढेर जलकर राख हो गए। सूचना मिलने पर दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। गांव कोटवाल आलमपुर निवासी सनवर अहमद गन्ना कोल्हू मालिक हैं। कई सालों से वह कस्बा झबरेड़ा में कृषि मंडी के पास गन्ना कोल्हू चला रहे हैं। जहां गन्ना खोई के बड़े-बड़े तीन ढेर बचा कर रखे हुए थे। रविवार सुबह करीब चार बजे कुछ लोग सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए घूमने के लिए जा रहे थे। इस समय उन लोगों की ओर से वहां पर आग लगी हुई देखी और कोल्हू मालिक को सूचित किया। सूचना पर मौके पर लोग इकट्ठा हो गए। जिसके बाद सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों की ओर से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया गया है कि गन्ना खोई के ढेर जलने से करीब तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

## जसवंत को फिर मिली अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

रुड़की। गोरखा समाज कल्याण समिति के त्रिवार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। एक बार फिर से पुरानी कार्यकारिणी को मौका देते हुए समाज और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की बात कही गई। रुड़की के भंगेड़ी महावतपुर में चुनाव अधिकारी हरि बहादुर गुरुंग की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। सभी सदस्यों से राय मशवरे के बाद एक बार फिर से अध्यक्ष पद पर जसवंत सिंह थापा, उपाध्यक्ष तेज प्रसाद शर्मा, महासचिव कमल राणा और कोषाध्यक्ष रविंद्र गुरुंग को चुना। नवनियुक्त पदाधिकारियों का सभी सदस्यों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। चुनाव अधिकारी ने प्रमाण पत्र देकर उन्हें पदभार ग्रहण कराया। अध्यक्ष जसवंत सिंह थापा ने कहा कि संगठन को पूर्व की भांति ही मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। कहा कि समाज के संगठन का उद्देश्य होता है कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सुख दुख में संगठन के पदाधिकारी परिवार की तरह साथ रहे। उन्होंने कहा कि संगठन का प्रत्येक सदस्य उनकी परिवार की तरह है और इस परिवार की मजबूती के लिए हर सदस्य का सहयोग जरूरी है। कार्यक्रम में विमल थापा, रविंद्र गुरुंग, उज्जवल थापा, गोविंदराम, कमल थापा, जीडी छेत्री, राधिका खत्री, शंकर बहादुर, विशाल गुरुंग, जीडी गुरुंग, प्रधान मनोज ठाकुर, तिलक गुरुंग, विनोद थापा, पेंशल कुमार, राजू थापा, उदय, प्रदीप, तुलसी देवी, सुशीला गुरुंग, रजनी गुरुंग, सुषमा पांडे, बहादुर नर्सिंग पूर्ण, काशी और तिलक पांडे आदि मौजूद रहे।

## बड़े पुत्र ने पिता पर किया कुल्हाड़ी से वार छोटे भाई को भी पीटा

रुड़की। पारिवारिक विवाद में बड़े पुत्र ने पिता पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। बीच बचाव में छोटे भाई को भी बड़े भाई ने मारपीट कर घायल किया। पुलिस ने रविवार को पिता की तहरीर पर बड़े पुत्र के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। उपनिरीक्षक आशीष कुमार को मामले की जांच सौंपी गई है।

## रुड़की में भगवान श्री परशुराम का भव्य शोभा यात्रा निकाली

रुड़की। शहर में रविवार को भगवान श्री परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभा यात्रा का विशेष उद्देश्य सनातन धर्म प्रेमियों को एक मंच पर लाना था। रविवार को परशुराम प्रतिमा स्थल परशुराम घाट से पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई। जो कि सिविल लाइन, नगर निगम, मेन बाजार, अनाज मंडी, अंबर तालाब, नेहरू स्टेडियम से होते हुए बीटी गंज में समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान तमाम तरह की झाकियां देखने को मिली। इसमें शंकर भगवान, दुर्गा माता, गणेश आदि की झाकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा के दौरान ऊंट, घोड़े और बैंड बाजा आकर्षण का केंद्र बिंदु रहे। मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री संजय पालीवाल ने कहा कि मैं कई वर्षों से भगवान परशुराम शोभायात्रा जो रुड़की में आयोजित होती है उसमें निरंतर अतिथि के रूप में प्रतिभाग करता हूं। मुझे गर्व है कि इतने भव्य रूप में रुड़की का ब्राह्मण समाज भगवान परशुराम शोभायात्रा आयोजित करता आ रहा है। शोभायात्रा के संयोजक सौरभ भूषण शर्मा ने कहा कि रुड़की नगर की सभी ब्राह्मण इकाइयां संयुक्त रूप से एक बैनर तले भगवान परशुराम शोभायात्रा का आयोजन किया है, जो सफल रहा।

जनपदीय ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष ऋषिपाल शर्मा एवं संरक्षक देवेंद्र शर्मा ने कहा कि आज वह समय आ गया है जब सभी सनातन धर्म प्रेमियों को एक मंच पर आकर अपनी आवाज बुलंद करनी होगी और ईश्वर के बताए हुए रास्ते पर सब को चलने के अपील करनी होगी। भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सतीश कुमार शर्मा, संरक्षक डॉक्टर अनिल शर्मा, ब्रह्म सभा के अध्यक्ष अरविंद भारद्वाज एवं पुरोहित कल्याण समिति के अध्यक्ष राजकुमार कौशिक आदि ने कहा कि पूरा पुरोहित समाज भगवान परशुराम शोभायात्रा में सम्मिलित हुआ और शंखनाद से भगवान परशुराम शोभा यात्रा का शुभारंभ किया।

## संक्षिप्त खबरें

### लंढौरा में दो घंटे तक लगा रहा जाम

रुड़की। नगला इमरती के पास हाईवे अंडर पास पर करीब दो घंटे तक जाम लगा रहने से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रविवार को रूट डायवर्ट कर दिए जाने से नगला इमरती के पास हाईवे सुबह से ही जाम जैसी स्थिति बनने लगी थी। दोपहर 12 बजे के करीब हाईवे से आने वाले वाहनों की संख्या ज्यादा बढ़ जाने के कारण हाइवे और रुड़की-लक्सर मार्ग पर जाम लग गया। जिसके चलते करीब 2 बजे तक जाम लगा रहा। पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाया गया। लोगों का कहना है कि हर बार रूट डायवर्ट होने पर यहां जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे आसपास के लोगों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

### शिविर में स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां भी बांटी

देहरादून। संरक्षण सामाजिक कल्याण समिति की ओर से मां काली मंदिर तपोवन में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके साथ ही परामर्श और निशुल्क दवाइयां भी दी गई। शिविर में डा. स्वाति पंत, डा. मानवेन्द्र रावत, डा. नवीन नेगी और डा. शांतनु अग्रवाल फिजिशियन ने मरीजों की जांच की। इस मौके पर लक्ष्मी मिश्रा, ऋचा नौटियाल, आरती मलासी, अमृता, माखन सिंह, नरेश चमोली, प्रभा मेहरोत्रा, नरेश नौटियाल आदि मौजूद रहे।

### चोरी की घटनाओं के खुलासे को लेकर धनौरी चौकी पहुंचे लोग

रुड़की। धनौरी चौकी क्षेत्र में पूर्व में घटित वारदातों और चोरियों के खुलासे को लेकर रविवार को धनौरी व्यापार मण्डल के लोगों ने चौकी पहुंचकर पुलिस से वार्ता की। वार्ता के दौरान पुलिस से लोगों ने क्षेत्र में घटी चोरी और अन्य घटनाओं का निष्पक्ष रूप से निस्तारण करने की मांग की है। लोगों का नेतृत्व कर रहे अजय प्रताप सैनी ने बताया कि क्षेत्र में कुछ असमाजिक तत्वों की शह पर व्यापारियों को झूठे मामलों में परेशान किया जा रहा है।

### कलियर में अतिक्रमण हटाकर 100 लोगों के चालान किए

रुड़की। पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दरगाह क्षेत्र में अभियान चलाकर सड़कों और बाजारों से अतिक्रमण को हटाया है। इस दौरान पुलिस ने अतिक्रमण करने वाले करीब 100 दुकान स्वामियों के चालान भी किए। थाना प्रभारी दिलबर सिंह नेगी ने बताया कि पुलिस को शिकायत मिल रही थी कि दरगाह क्षेत्र में दुकान लगाकर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। इस वजह से जायरीनों को दरगाह क्षेत्र और बाजारों से गुजरने में भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है।

### रोज रद हो रही ट्रेनों से रेलवे को लग रहा लाखों का चूना

रुड़की। पंजाब हरियाणा के शंभु बॉर्डर पर संयुक्त किसान मोर्चा ने 17 अप्रैल से रेलवे ट्रैक बाधित कर रखा है। इसकी वजह से सहारनपुर, अंबाला कैंट, लुधियाना रूट की 20 से 25 जोड़ी ट्रेनें विभाग को रोजाना निरस्त करनी पड़ रही हैं। इस रूट पर जो ट्रेन चल रही हैं, उनमें अप गाड़ियों को अंबाला कैंट से साहनेवाल और डाउन ट्रेनों को लुधियाना से पुरानी दिल्ली या नई दिल्ली के रास्ते पर डायवर्ट करके चलाया जा रहा है।


# काउंसलिंग से सही दिशा पाने में मिलती है मदद

हरिद्वार। जाट विकास मंच भेल की ओर से विद्यार्थियों के लिए रविवार को करियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन इंटरनेशनल क्लब में किया गया। जिसमें आए काउंसलरों ने सही दिशा में जाने का रास्ता दिखाया। काउंसलर के रूप में गुरुकुल कांगड़ी महाविद्यालय के प्रो.रविन्द्र कुमार, महिला डिग्री कॉलेज से प्रो. शशि प्रभा तोमर, इं.योगेश तंवर, प्रो. तेजवीर सिंह और सीए नागेन्द्र बिजानिया मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जाट विकास मंच के महामंत्री राजीव चौधरी, अध्यक्ष सुशील आर्य और संरक्षक विवेक सिंह ने सभी काउंसलरों का स्वागत किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कई बार छात्रों को अपनी पसंद और प्रतिभा के बारे में स्पष्टता नहीं होती। काउंसलिंग द्वारा उनकी रुचि, क्षमताओं और सीखने की शैली का आकलन कर उन्हें सही दिशा पाने में मदद मिलेगी। कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में ढेरों विकल्प मौजूद हैं। काउंसलिंग द्वारा छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों, संस्थानों और करियर के अवसरों के बारे में जानकारी दी गयी। इससे छात्रों को यह तय करने में मदद मिलेगी है कि उनके लिए कौन सा रास्ता सबसे उपयुक्त है। इस दौरान प्रतिभागी बच्चों के अलावा उपाध्यक्ष योगेंद्र पंवार, कोषाध्यक्ष प्रवेश कुमार, देवेंद्र राठी, संदीप सांगवान, सुक्रम पाल सिंह, सुरेश पाल काकरान, सुशील कुमार, चंद्रशेखर आजाद, सुरेन्द्र नेहरा, सुरेश दलाल, मनमीत सिंह, जितेंद्र चहल, राजू लाल, मोहित कुमार, चंद्रबीर सिंह, संतोष कुमार, ऋषिपाल सिंह, रुपेंद्र कुमार, सतीश कुमार, दर्याब सिंह, ललित कुमार, परमाल सिंह, विकास चौधरी, जितेंद्र चाहर, संदीप मलिक, सुखबीर सिंह चाहर, दीनदयाल सिंह, सचिन राठी, धीरज बालियान, विनित कुमार, विनित चौधरी, भूपेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, नरेंद्र सिंह मान, अनिल श्योरान आदि उपस्थित रहे।

## ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन में आज आठ जून के बाद के मिलेंगे स्लॉट

हरिद्वार। चारधाम के लिए यात्रियों की सुविधा के लिए शासन ने ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू की थी। लेकिन चारधाम में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ पहुंचने पर ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन को 15 मई से बंद कर दिया गया था। जिसके बाद से लगातार ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन बंद है। शासन से जारी आदेश के अनुसार 19 मई तक ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन बंद थे। बावजूद यात्री रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पहुंच रहे हैं, रविवार को भी बड़ी संख्या में चारधाम यात्री रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पहुंचे। जिनको वहां मौजूद पुलिस ने काउंटर से बाहर भेजा। वहीं, इस दौरान रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लगातार एनाउंसमेंट किया जाता रहा

# संपादकीय



## चीनी-रूसी भाई-भाई

'चीनी-रूसी भाई-भाई' के नारे एक बार फिर गूंजने लगे हैं, तो क्या 'हिंदी-रूसी भाई-भाई' के परंपरागत और दोस्ती के नारों पर पुनर्विचार करना चाहिए? यह सवाल अहम और अनिवार्य है, क्योंकि रूस भारत का दशकों पुराना और आजमाया हुआ 'रणनीतिक मित्र' है और चीन हमारा घोषित दुश्मन है। यदि 'दुश्मन' जैसा कड़ा शब्द छोड़ दिया जाए, तो चीन हमारा कट्टर प्रतिद्वंद्वी है। घुसपैठिया और अतिक्रमणवादी है। आज भी लद्दाख के मोर्चे पर दोनों देशों के हजारों सैनिक तैनात हैं। हर पल युद्ध के हालात बने रहते हैं। कई दौर की बातचीत की गई है, लेकिन वे नाटक लगती हैं, क्योंकि तनाव और अडियलपन जस का तस बरकरार है। यह बेहद अजीब स्थिति है कि चीन और भारत 'शत्रुवत' हैं और रूस-भारत घनिष्ठ मित्र हैं। तीसरा समीकरण रूस-चीन का है, जिसे 'अंतरंग दोस्ती' का नाम दिया गया है। राष्ट्रपति पद की नई शपथ लेने के बाद ब्लादिमीर पुतिन हाल ही में चीन गए थे। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से उनकी मुलाकात हुई, शिखर संवाद हुआ और दोनों राष्ट्रपतियों ने साझा बयान भी जारी किया। बेशक चीन-रूस के अंतरंग रिश्तों और रणनीतिक साझेदारी पर शी-पुतिन ने एक बार फिर मुहर लगाई, लिहाजा हुंकार गूंजने लगी-रूसी चीनी भाई-भाई।' यह कोई सामान्य और औपचारिक मुलाकात नहीं थी। इसके कई अंतरराष्ट्रीय अर्थ और आयाम हैं। शी-पुतिन संवाद तथा बयान पर अमरीका खूब तिलमिलाया है, जबकि 'दोनों राष्ट्र भाई' दुनिया में टकराव और युद्ध के हालात के लिए अमरीका को ही 'दोषी' करार देते हैं। रूस और चीन के रिश्ते रणनीतिक तो हैं, लेकिन विचारात्मक संबंध भी ऐसे हैं, जिन्हें अलग नहीं किया जा सकता। हालांकि अब उनका 'साम्यवाद' और 'वामपंथ' मात्र सतही रह गए हैं। वे भी पूंजीवाद के रास्ते पर हैं और देश के विभिन्न वर्गों में 'गहरी असमानता' है। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 'वीटोधारक' सदस्य हैं, लिहाजा एक-दूसरे के हितों और रणनीति की सुरक्षा करते हैं। सुरक्षा परिषद में पेश किए गए प्रस्तावों पर अपनी ही कूटनीति के मुताबिक 'वीटो' करते रहे हैं। रूस-चीन की दोस्ती हथियारों और युद्ध तक ही सीमित नहीं है। वे दुनिया में अमरीका-विरोधी ब्लॉक माने जाते हैं। जिस तरह अमरीका ने प्रशांत महासागर क्षेत्र में जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया के साथ 'क्वाड' संगठन बना रखा है, उसी तर्ज पर रूस-चीन संबंध हैं। रूस और चीन दुनिया में 'शीत युद्ध' की मानसिकता और वैश्विक सुरक्षा में अस्थिरता के लिए अमरीका को ही कसूरवार और जिम्मेदार मानते हैं। भारत के संदर्भ में चीन और अमरीका दोनों ही दोगले हैं। अमरीका चीन के खिलाफ भारत का 'इस्तेमाल' करता रहा है। भारतीय क्षेत्र में चीन ने बार-बार घुसपैठ की है और भारतीय इलाकों पर कब्जे भी किए हैं। चीन अरुणाचल, सिक्किम, हिमाचल आदि इलाकों में कुछ क्षेत्रों को 'चीनी' मानता है, जबकि वे भारत गणतंत्र का हिस्सा हैं। दूसरी ओर यूक्रेन रूस के खिलाफ जंग लड़ पा रहा है, क्योंकि अमरीका मुखौटा पहन कर रणक्षेत्र में है। अमरीका और नाटो देश हथियारों और आर्थिक संसाधनों की मदद यूक्रेन को मुहैया न कराते, तो यूक्रेन कभी का 'मलबा' हो गया होता! अमरीका, यूरोप ने इस युद्ध के जरिए हथियारों का कारोबार भी किया है। अमरीका और पश्चिमी देशों ने रूस पर ऐसे आर्थिक प्रतिबंध थोपे थे कि वह बर्बाद हो जाए, दिवालिया निकल जाए, लेकिन रूस ने अपने दो मित्र देशों-भारत और चीन-की बदौलत अस्तित्व बचाए रखा।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मौ.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002
RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com
Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# किसान आंदोलन से ट्रेनों का संचालन प्रभावित, रेल यात्रियों की कम नहीं हुई मुसीबत

रुड़की। शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। यूपी, राजस्थान, बिहार, एमपी, महाराष्ट्र आदि राज्यों के लिए ट्रेनों के रद या फिर लेट चलने की वजह से रेल यात्रियों की मुसीबतें कई गुना तक बढ़ गई हैं। सबसे ज्यादा परेशानी लंबी दूरी की ट्रेनों में सामने आ रही है। आंदोलन की वजह से इसके चलते हरिद्वार, अमृतसर, हरिद्वार जन शताब्दी एक्सप्रेस व हरिद्वार, श्रीगंगानगर, हरिद्वार इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन लगातार 32वें दिन भी दोनो तरफ से रद रहीं। साथ ही कई ट्रेनें 1 घंटे से 21 घंटे लेट भी हुई। सहरसा से अमृतसर, गरीब रथ एक्सप्रेस 21 घंटे श्री माता वैष्णो देवी कटरा से बांद्रा टर्मिनस मुंबई, स्वराज एक्सप्रेस 20 घंटे व गाजीपुर सिटी से श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा, वीकली स्पेशल 15 घंटे की देरी से चली। कानपुर सेंट्रल से जम्मूतवी, कानपुर सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12 घंटे, योगनगरी ऋषिकेश से श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा, हेमकुंड एक्सप्रेस 11 घंटे, अमृतसर से हावड़ा, अमृतसर हावड़ा मेल 9 घंटे लेट रही।

इसके साथ ही भागलपुर से जम्मूतवी, जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस 8 घंटे, अमृतसर से देहरादून, देहरादून एक्सप्रेस 7.30 घंटे तथा जम्मूतवी से गुवाहाटी, गुवाहाटी अमरनाथ एक्सप्रेस, जयनगर से अमृतसर, सरयू यमुना एक्सप्रेस, श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से योगनगरी ऋषिकेश, हेमकुंड एक्सप्रेस, छपरा से अमृतसर, समर स्पेशल व कोलकाता से जम्मूतवी, समर स्पेशल, ये पांचों गाड़ियां 7-7 घंटे लेट हुईं।

गोरखपुर से चंडीगढ़, समर स्पेशल 5 घंटे, अमृतसर से सहरसा, गरीब रथ एक्सप्रेस 3 घंटे, अमृतसर से पुरैना कोर्ट, जनसेवा एक्सप्रेस 2 घंटे और पुरैना कोर्ट से अमृतसर, जनसेवा एक्सप्रेस व लखनऊ से चंडीगढ़, चंडीगढ़ सुपरफास्ट लगभग 1-1 घंटे की देरी से आई। इनकी वजह से मुसाफिरों को लंबा इंतजार करना पड़ा।

श्रीकोट में छात्रों ने चलाया सफाई अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मेडिकल कॉलेज के राष्ट्रीय मेडिकोस संगठन (एनएमओ) इकाई और गढ़वाल विवि के छात्रों ने रविवार को श्रीकोट में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान राष्ट्रीय मेडिकोस संगठन और गढ़वाल विवि के छात्रों और मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने 1000 से ज़्यादा प्लास्टिक बोटल जमा की। मेडिकल कॉलेज के प्रचार्य डॉ.सीएमएस रावत के नेतृत्व में, स्वच्छता अभियान प्रारंभ हुआ। डॉ सुरेंद्र सिंह नेगी ने बताया की चारधाम यात्रा के दौरान यात्री कई बार कूड़ा और कांच की बोतलें रोड पर ही गिरा देते हैं, इससे पर्यावरण को तो हानि होती है,और पशु पक्षी भी कई बार प्लास्टिक निगल लेते हैं। मौके पर यश जिंदल, दिया श्रीवास्तव, विशाल, परीक्षित राजपूत, दीपांशु, निष्ठा पल्लव मौजूद रहे।

## गंगा दर्शन और बिलकेदार में चलाया स्वच्छता अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर के छात्रसंघ उपाध्यक्ष रूपेश नेगी की पहल पर रविवार को बिलकेदार में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में विवि सहित स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर छात्रों ने बिलकेदार सहित आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया। वहीं दूसरी ओर भागीरथी कला संगम के सदस्यों और कलाकारों ने गंगा दर्शन स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर एवं पार्क में सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर स्लोगन के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बर्थवाल ने कहा कि संस्था विगत कई वर्षों से शहर के अंदर सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्य करती रहती है। संस्था के निदेशक मदन गाडोई ने कहा कि रविवार या अन्य अवकाश दिवस पर संस्था सफाई अभियान चलाती रहेगी। मौके पर भगत सिंह बिष्ट, रवि पूरी, मुकेश नौटियाल, संजय कोठारी, धर्मेंद्र, दिनेश लिंगवाल, हरिंदर तोमर, मदन गाडोई सहित आदि लोग मौजूद थे।

# संक्षिप्त खबरें

## उत्तरी हरिद्वार में बिजली ट्रिपिंग से व्यापारी नाराज

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार में रात के समय बिजली जाने से नाराज व्यापारियों ने सीएम को पत्र लिखा है। शनिवार की रात करीब आठ से दस बजार बिजली ट्रिपिंग हुई। जिससे होटल और धर्मशालाओं में रुके यात्रियों के अलावा स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने बताया कि उत्तरी हरिद्वार समेत मुख्य बाजारों में रात्रि में बार-बार ट्रिपिंग की गई। कहा कि कई घंटों अघोषित कटौती की वजह से व्यापार पर बुरा असर पड़ रहा है। कहा कि यात्रा सीजन के लिए सभी विभागों को तैयार रहना चाहिए। लेकिन ऊर्जा निगम की हर वर्ष छुट्टियों विशेषकर शुक्रवार से रविवार लोड बढ़ने पर व्यवस्थाएं फेल हो जाती है। आरोप लगाया कि रात्रि में न तो दफ्तरों के न अधिकारियों के फोन उठते है, जिससे यात्री और स्थानीय दोनों परेशान होते है। आरोप लगाया कि व्यापारियों का फ्रिजो में रखा कच्चा सामान खराब हो रहा है। मालूम हो कि शनिवार को खड़खड़ी, भीमगोड़ा, कुंज गली, कृष्णा गली, बसंत गली, गंगाधर महादेव नगर, नई बस्ती, रामगढ़, दुर्गानगर, मुखिया गली, कोरादेवी कॉलोनी, इंदरा बस्ती, कैलाश गली समेत अन्य जगह बिजली की ट्रिपिंग हुई थी। नाराजगी जताने वालों में पंकज माटा, प्रीत कमल, जितेंद्र चोरसिया, नाथीराम सैनी, मुकेश अग्रवाल, सुनील मनोचा, अनिल कोरी, एसएन तिवारी, एसके सैनी, राकेश सिंह, अजितेश कुमार, सोनू चौधरी, उमेश अग्रवाल, दीपक मेहता, भूदेव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## वीकेंड: सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारों के कारण हरिद्वार में जाम

हरिद्वार। गर्मी का सीजन शुरू होते ही शनिवार और रविवार को आसपास के राज्यों से श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचते हैं। चारधाम यात्रा के कारण पहले ही देश के अलग-अलग राज्यों से यात्री हरिद्वार पहुंच रहे हैं। चारधाम यात्रा और वीकेंड के चलते धर्मनगरी में वाहनों का दबाव बढ़ गया है। शनिवार के बाद रविवार को भी हरिद्वार के गंगा घाट श्रद्धालुओं और पार्किंग वाहनों से भरी रही। गंगा घाटों पर गंगा मैया के जयकारे गूंजते रहे। हरकी पैड़ी के निकट मोती बाजार, बड़ा बाजार, अपर रोड बाजार, विष्णु घाट और रामघाट बाजार में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। रविवार सुबह से ही वाहनों का दबाव के कारण हाइवे पर जाम लग गया।

## तीन कबाड़ियों के गोदामों में लगी आग, लोगों में बनी दहशत

हरिद्वार। कबाड़ के गोदामों में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस कारण घटना स्थल पर लोगों में हलचल मची रही। बहादराबाद ब्लॉक के दादूपुर गोविंदपुर गांव में बालकुंज के पीछे वाली सड़क पर कबाड़ के गोदाम बनाए गए हैं। इनमें से तीन गोदामों में एक के बाद एक आग लग गई। मौके पर मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम को आग लगने की सूचना दी। सीएफओ के नेतृत्व ने मौके पर पहुंची टीम ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू किया। सीएफओ अभिनव त्यागी ने बताया कि आग भीषण थी। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है।

## चंडी चौराहे के यूटर्न पर सवारी वाहनों का कब्जा

हरिद्वार। यात्रा सीजन के चलते हरिद्वार पुलिस प्रशासन की ओर से हाईवे किनारे अतिक्रमण को हटाने की कवायद लगातार जारी है, लेकिन हरिद्वार-देहरादून हाइवे के चंडीघाट चौराहे पर पुल के नीचे कुछ चालक वाहन खड़ा कर आवगमन प्रभावित कर रहे हैं। दिल्ली की ओर से आने वाले वाहनो को यूटर्न के लिए पंतद्वीप से लौटना पड़ रहा है। चंडी घाट पुल के नीचे सवारी वाहनों के अतिक्रमण के चलते यात्री वाहनों को तीन किलोमीटर अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है, जबकि यातायात और स्थानीय पुलिस हर वक्त तैनात रहती है। लेकिन यूटर्न से वाहनों को नहीं हटाया जा रहा है।

## प्रवीण कुमार बने पीटीए के अध्यक्ष

हरिद्वार। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहदेवपुर में रविवार को सर्व सम्मति से पीटीए अध्यक्ष और एसएमसी अध्यक्ष का चयन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य तरुण कुमार शर्मा ने बताया कि पीटीए अध्यक्ष प्रवीण कुमार और एसएमसी अध्यक्षा सरस्वती पाल को चुना गया। सहायक अध्यापक राजेश कुमार सैनी को पीटीए सचिव बनाया गया। एसएमसी देखरेख का जिम्मा अध्यापक दिनेश वर्मा को दिया गया।

## सेवानिवृत्त वनकर्मियों ने की पूजा-अर्चना

हरिद्वार। सेवानिवृत्ति वन अधिकारी एवं कर्मचारी कल्याण समिति से जुड़े रिटायर वनकर्मियों ने सुरेश्वरी देवी मंदिर में सामूहिक पूजा-अर्चना कर बैठक की। जिसमें वनाग्नि की घटनाएं रोकने के लिए वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों स्वयं और सामूहिक रूप से सहायता देने का संकल्प लिया। नए सदस्य भगत सिंह नेगी का स्वागत व अभिनंदन किया गया। निर्णय लिया गया कि अगली बैठक में 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन कर उन्हें समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता विक्रम सिंह तोमर, संचालन राजवीर सिंह ने किया। मौके पर एनसी गोयल, डीपी वर्मा, आरपी एस नेगी, सतपाल सैनी, धर्मपाल सिंह, केएन तिवारी, प्रभुनाथ पांडे, भगत सिंह नेगी, रतीराम एवं राजवीर सिंह, विक्रम सिंह तोमर आदि शामिल रहे।

## गाजियाबाद के यात्रियों पर कातिलाना हमले में रेस्टोरेंट स्वामी-कर्मचारी गिरफ्तार

हरिद्वार। शुक्रवार देर शाम गाजियाबाद के गुरुनानकपुरा, मोदी नगर निवासी हितेश कुमार अपने दोस्त अंकित के साथ देवगंगा फैमिली रेस्टोरेंट में खाना खाने पहुंचे थे। जहां खाने के ऑर्डर को लेकर रेस्टोरेंट स्वामी दीपक गुप्ता से विवाद होने पर रेस्टोरेंट स्वामी ने अपने कर्मचारी नितेश, सचिन के साथ मिलकर हमला कर दिया। यात्रियों का कहना है कि रेस्टोरेंट स्वामी ने जान से मारने की बात कहते हुए सरिये से हितेश के सिर पर वार किया, सिर पर गहरा घाव होने से 14 टांके आए।कर्मचारियों की समस्या को सुना हरिद्वार। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री सुमित सिंघल ने रविवार को सिडकुल में कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोत्तरी हुई है, लेकिन कई कंपनियों ने इसे नहीं बढ़ाया है। आरोप लगाया कि उद्योग मजदूरों का खुला शोषण कर रहे हैं। इस संबंध में बीएमएस का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री और श्रम सचिव से मिलेगा।

## छात्र को शिक्षकों ने बेरहमी से पीटा, केस दर्ज

हरिद्वार। सिडकुल पुलिस को दी शिकायत में शिवालिकनगर क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि उसका 14 वर्षीय पुत्र रोशनाबाद के एक निजी स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ता है। आरोप है कि पिछले कई दिन से स्कूल के शिक्षक उसके बेटे का उत्पीड़न कर रहे है। सोलह मई को उसका बेटा स्कूल गया था। आरोप है कि शिक्षक अब्दुल कादिर और वंश शर्मा ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। छात्र की मां ने आरोप लगाया कि प्रधानाचार्य के इशारे पर उसके बेटे की पिटाई की गई है।

# डीएम सोनिका ने ऋषिकेश में बनाए गए चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप पंहुचकर व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 20 मई : जिलाधिकारी सोनिका ने ऋषिकेश में बनाए गए चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप पंहुचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने ट्रांजिट कैम्प में बनाए गए स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करते स्वास्थ्य परीक्षण करा रहे यात्रियों का हाल जाना तथा चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से वार्ता की था उनका हालचाल जाना। यात्रियों को पंजीकरण काउंटर खुलने तक प्रशासन द्वारा की गई ठहरने की व्यवस्था हेतु बनाए गए स्थल पर जाने का अनुरोध किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जो यात्री पहले ट्रांजिट कैंप पंहुचे हैं, उनका पहले रजिस्ट्रेशन किया जाए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रियों हेतु समुचित मूलभूत सुविधाएं यथा, पेयजल, भोजन, शौचालय, आदि व्यवस्थाओं में कोई कमी न रहे। जिला प्रशासन द्वारा यात्रियों के ठहरने हेतु निशुल्क व्यवस्था बनाई गई है। जिलाधिकारी ने ट्रांजिट कैंप में सफाई व्यवस्था देखी नगर निगम के अधिकारियों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने यात्रियों हेतु लगाये गए वाटर कूलर का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त गढ़वाल नरेंद्र सिंह क्विराल, नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश शैलेंद्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण लोकजीत सिंह, उप जिलाधिकारी ऋषिकेश कुमकुम जोशी, संयुक्त निदेशक पर्यटन योगेन्द्र सिंह गंगवार सहित पुलिस के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी/कार्मिक उपस्थित रहे।



## एनईपी से शिक्षा में बड़े बदलाव होंगे : प्रो सकलानी

नई टिहरी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में रविवार को एनईपी को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता एनसीईआरटी के निदेशक प्रो. डीपी सकलानी ने कहा कि एनईपी के तहत शिक्षा में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। गोष्ठियों की मदद से एनईपी के क्रियान्वयन को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है।रविवार को आयोजित गोष्ठी में एनसीईआरटी के निदेशक व गोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो. सकलानी का डायट प्राचार्य हेमलता भट्ट सहित स्टाफ ने शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। जिसके बाद प्रो. सकलानी ने गोष्ठी का शुभारंभ किया। गोष्ठी में नई शिक्षा नीति (एनईपी) के आलोक में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। निदेशक प्रो सकलानी ने आगे कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यशालाओं और प्रशिक्षणों को प्रभावी बनाने के लिए स्थानीयता को जोड़ा जाना जरूरी है। शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्थानीय शिल्पकारों की सहायता से शिक्षण सहायक सामग्री का निर्माण किया जाये, ताकि स्थानीय संस्कृति एवं उत्पादों को बढ़ावा मिल सके। डायट में प्लास्टिक की सामग्री का बिल्कुल भी उपयोग न किये जाने की प्रो. सकलानी ने प्रशंसा की। निदेशक द्वारा जनपद के विभिन्न विद्यालयों का भी मौके पर अनुश्रवण करते हुए कहा कि अपने शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने को विद्यालय के पास ही आवासित रहने को कहा। इस अवसर पर एनसीईआरटी के अपर निदेशक अजय कुमार नौडियाल, प्राचार्य डायट हेमलता भट्ट, एनसीईआरटी से प्रो.रजना अरोड़ा, प्रो. संतोष, सीईओ एसपी सेमवाल, डीईओ एसपी सिंह, बीईओ नरेश कुमार, दीपक रतूड़ी, डा. वीर सिंह रावत, विनोद पेटवाल, नरेश कुमांई, देवेंद्र सिंह, सीमा शर्मा, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## शिशु भारती के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

नई टिहरी। सरस्वती शिशु मंदिर प्रदर्शनी मैदान बौराड़ी में रविवार को शिशु भारती के विभिन्न पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।रविवार को जिला शासकीय अधिवक्ता और आरएसएस के जिला कार्यवाह जगतमणि पैन्यूली ने पदाधिकारियों में अध्यक्ष उपासना, उपाध्यक्ष पीयूष, मंत्री अर्नव भंडारी, उपमंत्री शिवांश धनाई और सेनापति कार्तिक व उप सेनापति मयंक को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पैन्यूली ने कहा कि शिशु भारती और विद्या भारती के स्कूलों में संस्कारवान शिक्षा प्रदान की जा रही है। कहा कि छात्र-छात्राओं में प्राथमिक स्तर से कार्य व अनुशासन की शुरुआत इन्हीं पदों के माध्यम से होती है। इस मौके पर प्रधानाचार्य शीशराम कोठियाल, शिशु भारती के प्रमुख आचार्य भाग सिंह रावत, दीक्षा रावत, अल्फिशा, गरिमा, शिवम उनियाल, रामप्यारी देवी मौजूद थे।

## वर्चुअल कार्यशाला में जलवायु परिवर्तन पर की गई चर्चा

नई टिहरी। पीजी कालेज नई टिहरी की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाइन (वर्चुअल) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उत्तराखंड में विभिन्न जलवायु आपदाओं को प्रभावित करने वाली वस्तुओं पर चर्चा की गई। कार्यशाला को बतौर मुख्य वक्ता उत्तरकाशी के जिला युवा अधिकारी अविनाश कुमार सिंह और एसआरटी परिसर टिहरी के छात्र आयुष वर्मा ने संबोधित किया। अविनाश कुमार सिंह और आयुष वर्मा ने बताया की कैसे पर्यावरण संरक्षण को गांव में स्वरोजगार के साथ जोड़ा जाए। इसके लिए समाज को इस विषय पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कहा कि जलवायु परिवर्तन को समझने के साथ ही इसे रोकने के उपायों पर गौर किया जाना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले पर्यावरण संरक्षण पर फोकस किया जाना जरूरी है। कार्यशाला आयोजन के अध्यक्ष डा. एलआर डंगवाल ने बताया की अगर हमें जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगाना है, तो पारंपरिक जड़ों से जुड़ना होगा। कार्यक्रम के संयोजक डा. पीसी पैन्यूली ने बताया की हमें पारंपरिक स्रोतों के साथ सतत किकास की और बढ़ना होगा। उन्होंने पलायन को अनियंत्रित वनाग्नि का एक कारण बताते हुए कहा कि वनों को आम जनों से जोड़ने के लिए पौराणिक पहल होनी चाहिए। कार्यशाला में डा पिया राय चौधरी, तरसीम लाल, मीनाक्षी रावत सहित जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, मणिपुर और नागालैंड राज्यों से जुड़े छात्रों संवाद किया।

## मद्महेश्वर मंदिर के कपाट आज खुलेंगे

रुद्रप्रयाग। द्वितीय केदार भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली का गौडार पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। पहले से ही मौजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने फूल और अक्षतों की वर्षा कर डोली का स्वागत किया गया। सोमवार को डोली गौंडार से मद्महेश्वर पहुंचेगी जहां सुबह 11.15 बजे मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। रविवार सुबह भगवान की डोली भक्तों के जयकारों के साथ राकेश्वरी मंदिर रांसी से गौंडार को प्रस्थान हुई। रांसी के साथ ही रास्ते में कई जगहों पर ग्रामीणों ने डोली पर पुष्प वर्षा की और सुख शांति का आशीर्वाद लिया। देर शाम डोली दूसरे पड़ाव गौंडार पहुंची। जहां डोली की पूजा अर्चना की गई। यहां ग्रामीणों द्वारा दर्शन कर आशीर्वाद लिया गया। आज सोमवार को डोली मद्महेश्वर मंदिर पहुंचेगी। जहां पूर्वाह्न 11.15 बजे शुभ लग्न में द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

## विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए गौरीकुंड में लगाया 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ पैदल मार्ग में शुक्रवार रात को गौरीकुंड से ऊपर पैदल मार्ग में लाइट गुल होने की समस्या के बाद ऊर्जा निगम ने गौरीकुंड में 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया है। ताकि विद्युत भार को बैलेंस किया जा सके। बताते चलें कि केदारनाथ पैदल मार्ग में गौरीकुंड से ऊपर पैदल मार्ग में बिजली गुल होने से यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता अभिनव रावत ने दावा किया है कि लोड अधिक होने से केवल आधे घंटे तक ही पैदल मार्ग में विद्युत आपूर्ति बाधित रही थी। विभाग द्वारा आधे घंटे में ही फॉल्ट को ठीक करते हुए विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी गई थी।

## भगवानपुर में आर्यन ग्रुप के कार्यालय का शुभारंभ

रुड़की। आर्यन ग्रुप संस्था का दूसरा कार्यालय रविवार को भगवानपुर क्षेत्र में खोला गया। इसका उद्घाटन संस्था के संस्थापक और अध्यक्ष फैजी अलीम खान ने किया। फैजी अलीम खान ने बताया कि आर्यन ग्रुप संस्था पिछले 18 वर्षों से जिला देहरादून में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करती आ रही है। संस्था के पांच बाल विकास केंद्र देहरादून की मलिन बस्तियों में चलाए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व पालिकाध्यक्ष नेगी के निधन पर शोक

नई टिहरी। पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष सोबन सिंह नेगी (71) के आकस्मिक निधन पर नरेंद्रनगर में शोक की लहर छा गई। सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने स्व. नेगी के निधन पर गहरा शोक जताया है। अधिवक्ता स्व. नेगी दो बार वर्ष 1987 से 92 और 1992 से 97 तक नगर पालिका के अध्यक्ष रहे। बीते काफी समय से वे अस्थमा रोग से पीड़ित थे। अपने पैतृक आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पत्नी, दो बेटों और बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है। सोमवार (आज) उनका हरिद्वार स्थित खड़खड़ी घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। शिक्षकसंघ के पूर्व पदाधिकारी रहे वाचस्पति रयाल ने बताया कि स्व. नेगी गरीब और असहाय लोगों के मुकदमें निशुल्क भी लड़ते थे। नरेंद्रनगर शहर के विकास के लिए उनका योगदान अतुलनीय है। उनके निधन पर वन और तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल, पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी, पूर्व विधायक ओमगोपाल रावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार, राजेंद्र सिंह राणा, दुर्गा राणा, पूर्व सभासद भरत सिंह राणा, ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख वीरेंद्र कंडारी, दीपक सिंह आदि ने शोक जताया है।

### प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्रों का किया गया वितरण

नई टिहरी। नागणी में खाद्य प्रसंस्करण कार्यक्रम के समापन पर रविवार को प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कहा कि कौशल विकास से ही स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं नागणी में आयोजित कार्यक्रम में बीज बचाओ आंदोलन के प्रणेता व इंदिरा गांधी पर्यावरण पुरस्कार प्राप्त विजय जडधारी, वरिष्ठ पत्रकार रघुभाई जडधारी, संस्था के अध्यक्ष देवेंद्र थापा और सचिव दिवाकर पैन्यूली ने 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र बांटे। कहा कि वर्तमान दौर में छोटे-छोटे स्किल से भी स्वयं का रोजगार तैयार कर सकते हैं। कहा कि पारंपरिक खानपान और पारंपरिक खेती से ही हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। आज लोग बाजार पर ही निर्भर हो गए हैं। जो शुभ संकेत नहीं है। महिलाओं को बताया कि पहाड़ी उत्पादों को ठीक से तैयार करें। उसकी गुणवत्ता और प्रस्तुतिकरण में कमी नहीं होनी चाहिए। इससे उन्हें बाजार हमेशा उपलब्ध मिलेगा। संस्था सचिव दिवाकर पैन्यूली, उपाध्यक्ष अनीता पैन्यूली ने कहा कि उनके केंद्र पर प्रशिक्षणार्थियों ने आंवला, गुरियाल, पिलखू, तिमला और लहसुन आदि का अचार, सेब का जैम और चटनी, माल्टा, बुरांश और पुदीना का जूस बनाना सिखाया गया। इस अवसर पर नरेश बहुगुणा, बीना देवी, प्रगति सकलानी, सुषमा, सीमा मैठाणी, बबली, सुनीता, उषा देवी, कविता, सीमा सकलानी, प्रियंका नौटियाल, सुनैना सेमवाल, निर्मला नेगी, बबीता, सविता देवी, रीना नेगी उपस्थित थे।

### देवप्रयाग में शांता पुल से नीचे गिरी अनियंत्रित कार

नई टिहरी। रविवार को केदारनाथ दर्शन से ऋषिकेश की ओर लौट रहे चंडीगढ़ निवासी परिवार का वाहन बस अड्डे के समीप अनियंत्रित होकर शांता पुल से नीचे जा गिरा। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार सवार सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि रविवार सुबह करीब छह बजे श्रीनगर की ओर से आ रही एक कार बेकाबू होकर शांता पुल से नीचे जा गिरी। दुर्घटनाग्रस्त कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन उसमें सवार किसी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई। कार सवार अमित कुशवाहा पुत्र राज कुमार, उनकी पत्नी माधुरी व राज कनौजिया पुत्र संजय भाई निवासी नूर सिटी, पो. खरड मोहाली, चंडीगढ़ को पुलिस टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। क्षतिग्रस्त नई कार को क्रेन की मदद से बाहर निकाला जायेगा। इन दिनों यहां एनएच की ओर से पुल निर्माण के लिए कटिंग किये जाने से सड़क काफी संकरी हो गयी है। जिस कारण बामुश्किल वाहनों के आवाजाही हो पा रही है।

### हरमिलाप धर्मशाला में 26 मई से भागवत कथा शुरू

रुड़की। पुरोहित जनकल्याण ट्रस्ट रुड़की के अध्यक्ष आचार्य पंडित रजनीश शास्त्री और उत्तराखंड ज्योतिष परिषद के संस्थापक-अध्यक्ष आचार्य रमेश सेमवाल महाराज ने रविवार को आशीर्वाद एंक्लेव में प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि 26 मई से एक जून तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध कथावाचक द्वारिका प्रसाद शास्त्री महाराज कथा उद्बोधन करेंगे।